Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 47 | सोमवार, 17 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-9 | मूल्य-एक रुपया


## भारत कपड़ा निर्यात में बनेगा इंटरनेशनल चैंपियन!

# पीएम मोदी बोले- 2030 तक 9 लाख करोड़ की बनाएंगे इंडस्ट्री

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उम्मीद जताई कि 2030 की समय-सीमा से पहले नौ लाख करोड़ रुपये वार्षिक के कपड़ा निर्यात लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा।

प्रधानमंत्री का यह बयान इसलिए अहम है क्योंकि आम बजट, 2025 में अतिरिक्त लंबे रेशे वाली किस्मों के कपास उत्पादन के लिए पांच वर्षीय कपास मिशन की घोषणा की गई है। इसमें राष्ट्रीय कपास प्रौद्योगिकी मिशन के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। भारत मंडपम में 'भारत टेक्स, 2025' को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ₹अभी हम कपड़ों और परिधानों के निर्यात में विश्व में छठे स्थान पर हैं जो लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का है। हमारा लक्ष्य इस आंकड़े को तीन गुना करके निर्यात को नौ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का है। ₹इस सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम और पिछले एक दशक में लागू सतत नीतियों को है जिसके कारण इस अवधि में कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश दोगुना हो गया है। जिस तरह काम किया जा रहा है, मुझे लगता है कि हम इस लक्ष्य को 2030 की समयसीमा से पहले हासिल कर लेंगे।₹ पीएम मोदी



### 'भारत टेक्स' में 120 से अधिक देश ले रहे हिस्सा

'भारत टेक्स, 2025' का आयोजन 14–17 फरवरी तक किया जा रहा है और यह कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा आयोजन है जिसमें एक मेगा एक्सपो शामिल है। पीएम मोदी ने कहा कि 'भारत टेक्स' बड़ा वैश्विक आयोजन बनता जा रहा है जिसमें 120 से अधिक देश हिस्सा ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह रोजगार सृजन का बड़ा क्षेत्र है और विनिर्माण क्षेत्र में 11 प्रतिशत का योगदान देता है उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बजट में वर्ष 2025-26 के लिए कपड़ा मंत्रालय को 5,272 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, पिछले वित्तीय वर्ष के बजट अनुमानों से इसमें 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र से कपड़ा क्षेत्र को सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया क्योंकि इसकी एक यूनिट में सिर्फ 75 करोड़ रुपये का निवेश होता है और दो हजार लोगों को रोजगार मिलता है। उन्होंने कपड़ा क्षेत्र के लिए अपने 5एफ विजन को रेखांकित किया (फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन, फैशन टू फारेन) और कहा कि इससे किसानों, बुनकरों, डिजायनरों और व्यापारियों के लिए नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

## देशभर के सड़कों की होगी मैपिंग



नई दिल्ली।

सड़क सुरक्षा के मोर्चे पर लगातार मिल रही नाकामी से चिंतित केंद्र सरकार स्थिति में सुधार के लिए एक नई योजना पर काम कर रही है। सड़कों के पूरे नेटवर्क को दो गुणे दो किलोमीटर के वर्ग में विभाजित कर सड़क परिवहन मंत्रालय यह जानने की कोशिश में है कि सबसे अधिक जोखिम वाले क्षेत्र कौन से हैं और उनमें सुधार के लिए क्या जरूरी है।

यह पहल काफी कुछ ठीक वैसी है, जैसे जनधन खातों की योजना पर क्रियान्वयन के लिए किया गया था। इसके जरिये सरकार ने बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बेहतर बनाने के लिए इसी प्रकार के ब्लॉक बनाए थे और उन क्षेत्रों की पहचान की थी, जहां सबसे पहले बैंक की सुविधा उपलब्ध कराई जानी थी। सड़क परिवहन मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि रोड सेफ्टी पर नए नजरिये से काम करने के लिए आईआईटी मद्रास के साथ एक साझा कार्यक्रम पर काम चल रहा है। लगभग दो तिहाई क्षेत्रों की मैपिंग कर ली गई है। केवल चार वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाले ब्लॉक ही नहीं बनाए जा रहे हैं, बल्कि उनका पांच साल का डेटा भी उससे जोड़ा जा रहा है। इसमें केवल राष्ट्रीय राजमार्ग ही शामिल नहीं हैं। राज्यों के राजमार्ग और शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को भी पहली बार इस डेटा के साथ जोड़ा गया है।

**आईआईटी मद्रास के साथ साझा कार्यक्रम**

यह लगभग 70 लाख किलोमीटर लंबी सड़कों की मैपिंग का विषय है, इसलिए इसमें समय लगेगा। अधिकारी ने कहा कि इस साल मार्च के अंत तक यह प्रक्रिया पूरी हो जाने की उम्मीद है। सड़कों के इन खांचों का इस्तेमाल उनके रखरखाव की योजनाओं में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। योजना के तहत जो ब्लॉक बनाए जाएंगे, उन्हें तीन श्रेणियों में रखा जाएगा- सुरक्षित, खतरनाक और अत्यधिक जोखिम वाली। इन्हीं के अनुरूप सड़क सुरक्षा के उपायों को निर्धारित किया जाएगा। मंत्रालय इसके पहले व्हाइट कारिडोर के विचार पर काम कर चुका है।

### बैंक डूबे तो भी आप पांच लाख रुपये पाने के हकदार



नई दिल्ली। मुंबई के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर पिछले हफ्ते आरबीआई ने पैसे निकालने, लोन देने और बोर्ड को भंग करने सहित कई कार्रवाई की। बैंक में वित्तीय गड़बड़ियों के मिलने के बाद यह फैसला किया गया है। हाल में ऐसे कई मामले हुए हैं, जहां छोटे-मोटे सहकारी बैंक डूब गए हैं। आपके पैसे जमा हैं और बैंक डूब जाते हैं तो भी अधिकतम पांच लाख रुपये पाने के आप हकदार हैं। यह पहली बार नहीं है जब आरबीआई ने बैंक के खिलाफ ऐसे निर्देश दिए हैं। इससे पहले पीएमसी बैंक और यस बैंक पर भी इसी तरह के प्रतिबंध लगाए गए थे। भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने आदेश में कहा, न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के जमाधारक 13 फरवरी से बैंक खातों से पैसे नहीं निकाल सकते हैं। बैंक की वर्तमान बिगड़ती तरलता स्थिति के कारण धन की निकासी को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

### सुपर किंग्स बरेली ने जीत के साथ किया आगाज

नई दिल्ली। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रविवार को खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बरेली की टीम ने 10 ओवर में सात विकेट खोकर 118 रन बनाए। जवाब में आगरा की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट गंवाकर सिर्फ 86 रन बना सकी। एलएलसीटेन-10 क्रिकेट का रोमांच सिर चढ़कर बोल रहा है। रविवार का दिन डबल हेडर का था। पहले मैच में मथुरा वॉरियर्स ने कानपुर चीफ्स को 46 रन से हराकर जीत के साथ आगाज किया जबकि टूनार्मेंट के छठे और अपने पहले मुकाबले में सुपर किंग्स बरेली ने सुपर चैलेंजर्स आगरा को 32 रन से हराकर अपने अभियान की शुरूआत की। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रविवार को खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बरेली की टीम ने 10 ओवर में सात विकेट खोकर 118 रन बनाए।

## सीएम योगी ने दिल्ली में रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से लोगों की मौत पर दुख जताया

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में लोगों की मौत होने पर रविवार को गहरा दुख प्रकट किया। वहीं उप्र के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने मामले को लेकर सरकार को घेरते हुए अपनी सलाह भी दी है। नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात मची भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। प्लेटफार्म संख्या 14 और 15 पर प्रयागराज (जहां महाकुंभ का आयोजन किया गया है) जाने वाली ट्रेन पर सवार होने के लिए यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी जिसके बाद वहां भगदड़ मच गई। योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हादसे में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। उन्होंने कहा, प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति, शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में कई लोगों के हताहत होने की अत्यंत दुःखद सूचना प्राप्त हुई है। ईश्वर से प्रार्थना है कि हादसे में घायल हुए लोगों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें और दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

### पाकिस्तान ने भारतीय चौकियों पर स्नाइपर से फिर बरसाई गोलियां

नई दिल्ली। रविवार दोपहर पुंछ के दिगवार दलान सेक्टर में पाकिस्तानी सेना ने भारतीय चौकियों को निशाना बनाकर गोलाबारी की। पाकिस्तान ने सुबह 11:35 बजे नूरकोट व नक्करकोट में भारती की अग्रिम चौकियों को निशाना बनाया। स्नाइपर राइफलों से गोलियां दागीं। पाकिस्तान नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा। रविवार दोपहर पुंछ के दिगवार दलान सेक्टर में पाकिस्तानी सेना ने भारतीय चौकियों को निशाना बनाकर गोलाबारी की। पाकिस्तान ने सुबह 11:35 बजे नूरकोट व नक्करकोट में भारती की अग्रिम चौकियों को निशाना बनाया। स्नाइपर राइफलों से गोलियां दागीं।

### अपना ख्याल रखें, सीखने के नए तरीके तलाशें, विक्रांत मैसी और भूमि पेडनेकर ने छात्रों को दिया संदेश

नई दिल्ली। केवल परीक्षा पास करने के लिए नहीं बल्कि जीवन में सफल होने के लिए पढ़ाई करें और चुनौतीपूर्ण समय में अपनी ताकत को पहचानें। अभिनेता विक्रांत मैसी और भूमि पेडनेकर ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान छात्रों को यह संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वार्षिक कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के विशेष सत्र में शामिल होकर दोनों अभिनेताओं ने अपनी स्कूल की यादें साझा कीं और परीक्षा के तनाव, माता-पिता की अपेक्षाओं और आत्मनिर्भरता के महत्व पर चर्चा की। विक्रांत मैसी ने कहा, हम सभी अवचेतन मन से कल्पना करना जानते हैं। आप दिन में 10 मिनट निकालकर अपनी भावनाओं और लक्ष्यों को एक डायरी में लिख सकते हैं। भूमि



पेडनेकर ने अपने बचपन का एक कठिन दौर साझा करते हुए कहा कि उन्होंने छोटी उम्र में ही अपनी ताकत को पहचानना सीख लिया था। उन्होंने कहा, चुनौतीपूर्ण समय में अपनी क्षमताओं को पहचानें और सीखने के नए तरीके खोजें, जैसे जब भी मुझे कोई सीन दिया जाता है, तो मैं उसे अलग-अलग तरीकों से करने की कोशिश करती हूं। भूमि ने यह भी बताया कि उन्हें सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेना बहुत पसंद था।

### अमेरिका में कड़ाके की सर्दी के बीच नौ लोगों की मौत

नई दिल्ली। केंटकी के गवर्नर एंडी बेशियर ने रविवार को कहा कि बाढ़ में फंसे सैकड़ों लोगों को बाहर निकाला जाना है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राज्य के लिए आपदा घोषित कर दी है, जिससे संघीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी को पूरे राज्य में राहत कार्य शुरू करने का अधिकार मिल गया। अमेरिका में कड़ाके की सर्दी के कारण कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है। मारे गए लोगों में से आठ लोग केंटकी के रहने वाले थे और इनकी मौत भारी बारिश के कारण नदियों के उफान पर होने और सड़कों पर पानी भर जाने के कारण हुई।

## दिल्ली-एनसीआर में 4.0 तीव्रता का भूकंप

नई दिल्ली।

दिल्ली-एनसीआर में सोमवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। तड़के 5.36 बजे आए भूकंप की तीव्रता नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (ठउर) के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई। दिल्ली-एनसीआर में आज सवेरे भूकंप के तेज भटके महसूस किये गये। भूकंप सवेरे 5.36 बजे आया। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत भूकंप के रिकॉर्ड करने वाली संस्था- नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (ठउर) के मुताबिक इसकी तीव्रता 4.0 मापी गई। दहशत में आकर लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के झटके इतनी तेज थे कि घरों से बर्तन नीचे गिरने लगे और घरों में जबरदस्त कंपन हुआ। दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने भूकंप के झटकों के बाद अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर सलामती की कामना की। अमेरिकी संस्था- यूएसजीएस ने भी दिल्ली-एनसीआर में भूकंप की पुष्टि की। इसके मुताबिक 280 से अधिक लोगों ने सोमवार तड़के भूकंप के झटकों की सूचना दी। धरती में कंपन के बाद भूकंप की पुष्टि सिस्मोलॉजिस्ट से भी कराई गई। भूकंप के दौरान जितना संभव हो उतना सुरक्षित रहें। इस बात के प्रति सतर्क रहें कि कौन-से भूकंप वास्तव में इसकी पूर्व-चेतावनी देने वाले भूकंप के झटके होते हैं और बाद में बड़ा भूकंप भी आ सकता है। धीरे-धीरे कुछ कदमों तक सीमित हलचल करें जिससे पास में किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंच सकें और भूकंप के झटकों के रुकने पर घर में तब तक रहें जब तक कि आपको यह सुनिश्चित हो जाएं कि बाहर निकलना सुरक्षित है।




## जम्मू-कश्मीर से लेकर उत्तराखंड, हिमाचल तक छह दिन बारिश व बर्फबारी के आसार



नई दिल्ली।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को बताया कि पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से 17 से 19 फरवरी के दौरान पश्चिमी और पूर्वी राजस्थान के कुछ इलाकों में भी छिटपुट वर्षा हो सकती है। 19 और 20 फरवरी को पंजाब और हरियाणा, 20 फरवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली में गरज के साथ बारिश हो सकती है। मौसम का मिजाज एक बार फिर करवट लेने वाला है, खासतौर पर पश्चिमी हिमालयी राज्यों में है। सोमवार और मंगलवार को एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 17 से 22 फरवरी के दौरान जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में हल्की बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। 19 फरवरी तक उत्तर पश्चिम के मैदानी इलाकों और उससे सटे मध्य भारत और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 1-3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है।

# दिल्ली में यमुना की सफाई शुरू

नई दिल्ली।

दिल्ली के उपराज्यपाल कार्यालय ने यमुना नदी की सफाई की जानकारी देते हुए कहा, 'मुना नदी की सफाई का काम पहले ही शुरू हो चुका है। कचरा निकालने वाली मशीनें, खरपतवार निकालने वाली मशीनें और ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट आज से नदी में सफाई अभियान शुरू कर चुके हैं।'

दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए वादे के बाद आज से यमुना नदी की सफाई शुरू हो गई है। रविवार को ट्रैश स्कीमर, वीड हार्वेस्टर और ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट जैसी मशीनों से यमुना नदी की सफाई शुरू की गई। बता दें, पीएम मोदी ने कहा था कि दिल्ली चुनाव जीतने के बाद बीजेपी सबसे पहले यमुना नदी की सफाई करेगी। दिल्ली के उपराज्यपाल कार्यालय ने यमुना नदी की सफाई की जानकारी देते हुए कहा, 'मुना नदी की सफाई का काम पहले ही शुरू हो चुका है। कचरा निकालने वाली मशीनें, खरपतवार निकालने वाली मशीनें और ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट आज से नदी में सफाई अभियान शुरू कर चुके हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कल मुख्य सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव (आई एंड एफसी) से मुलाकात की और उन्हें तुरंत काम शुरू करने को कहा था।' दिल्ली के उपराज्यपाल कार्यालय ने आगे बताया कि उन्होंने इस मुद्दे से निपटने के लिए चार-आयामी रणनीति बनाई गई है।



## संपादक की कलम से

### खैरात के खिलाफ

देश में विभिन्न चुनावों से पूर्व लगातार मुफ्त की योजनाओं के ऐलान पर कठोर टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने नीति-नियंताओं से सवाल किया है कि कहीं हम परजीवियों का एक वर्ग तो नहीं बना रहे हैं? अदालत की चिंता की हकीकत पर मोहर लगाते हुए बुधवार को सी.आई.आई.साऊथ ग्लोबल लिंकेज समिट में लार्सन एंड टुब्रो के चेयरमैन एस.एन. सुब्रह्मण्यम ने कहा कि सरकारी मुफ्त स्कीमों के कारण निर्माण उद्योग में मजदूरों की कमी हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वेल्फेयर स्कीमों से आराम की उपलब्धता के कारण निर्माण से जुड़े श्रमिक काम करने से कतरा रहे हैं। यह भी कि दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग काम की तलाश में पलायन कर रहे हैं, लेकिन भारत में लोग काम के लिये दूसरे शहरों में जाने के लिये तैयार नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट की चिंता इसलिए भी वाजिब है कि देश के अस्सी करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन, विभिन्न वर्गों को नगदी हस्तांतरण, बिजली-पानी की मुफ्त योजनाओं के कारण कई राज्यों की सरकारों पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। निश्चित तौर पर किसी विकासशील देश के लिये यह उत्साहजनक स्थिति नहीं है। यह भी हकीकत है कि जब किसी व्यक्ति को सुविधाएं आसानी से और मुफ्त मिलने लगें तो वह आलसी हो जाता है। साथ ही विकास की मुख्यधारा से भी कट जाता है। दरअसल, कल्याणकारी योजनाओं का मकसद नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारना होता है। लेकिन यदि लोग काहिली की राह चुनने लगें तो यह देश हित में कदापि नहीं कहा जा सकता। एक आदर्श स्थिति तो यह होनी चाहिए कि सरकार अपने नागरिकों के लिये ऐसा कार्यशील वातावरण बनाये, जिससे देश के आर्थिक विकास में उनकी भूमिका सुनिश्चित हो। लेकिन दुर्भाग्य से हाल के वर्षों में वोट पाने का शॉर्टकट मुफ्त की रेवड़ियां बांटना हो गया है। वहीं गरीबी उन्मूलन एक सुविधाजनक राजनीतिक हथियार बना है। जिसके चलते चुनाव से पहले मुफ्त की घोषणाएं राजनीतिक फैशन बन गया है। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट की वह टिप्पणी तार्किक है कि वोट के लालच में राजनीतिक दल परजीवियों का एक वर्ग तैयार कर रहे हैं। काम के बदले अनाज व अन्य सुविधाएं देना तो तार्किक है, लेकिन मुफ्त का राशन व नकदी देना उचित नहीं है। कोरोना संकट में रोजगार के साधन सिमटने की वजह से मुफ्त अनाज समय की जरूरत थी, लेकिन इस योजना को लगातार नहीं चलाया जाना चाहिए। आखिरकार मुफ्त योजनाओं का बोझ आयकरदाताओं पर ही पड़ता है। जरूरतमंद लोगों में आत्मविश्वास जगाकर उन्हें राष्ट्र के लिये योगदान हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए। देश की अदालत बार-बार राजनेताओं से ऐसी घोषणाओं से परहेज करने को कहती रही है, लेकिन राजनीतिक दलों पर इसका कोई असर नजर नहीं आता। देश में मनरेगा के तहत रोजगार दिया जाना बेरोजगारों के हित में एक सकारात्मक कदम था।



ललित शर्मा
संपादक

## श्याम सुंदर साहू प्राचार्य



### मंजिल को पाने की जिद है

कविता

लक्ष्य को निगाहों पर रखकर
मंजिल को पाने की जिद है
अपने मेहनत पर यकीनकर
सपने को सजाने की जिद है

बहुत कठिन है मंजिल का राहें
इन राहों पर चलने की जिद है
मिल जाएगा एक दिन मंजिल
कदम आगे बढ़ाने की जिद है

जीवन में बार-बार हार मिले तो
फिर कोशिश करने की जिद है
मिलेगी जीत एक न एक दिन
हार को अब हराने की ज़िद है

जीवन में कोई कार्य असंभव हो
तो संभव कर दिखाने की जिद है
सारे अरमान पूरे होंगे एक दिन
संकल्पकर आगे बढ़नेकी जिद है

काबिल होकर कामयाब न हुआ
कमियों को दूर करने की जिद है
मिल जाएगी एक दिन कामयाबी
खुद को मजबूत बनाने की जिद है

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# आयकर कानून के सरल होने से विवाद घटेंगे

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरूआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा।

मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं।

दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चे पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते.गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषतः वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन



किया है।

आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्ताजनक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले।

देश में ऐसी सरल कर प्रक्रिया की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक एवं स्वस्थ विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे।

यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में डेढ सौ करोड की आबादी वाले देश में आयकर देने वालों की संख्या चार करोड़ से भी कम है। इनमें मुख्यतः वे ही हैं, जो नौकरीपेशा हैं। आयकर विभाग को इतना चुस्त एवं दुरस्त करने की जरूरत है कि जो समर्थ होते हुए भी आयकर नहीं देते हैं, ऐसे लोगों का पता लगाये। आखिर जो संपन्न किसान एक सीमा से अधिक आय अर्जित करते हैं, उन्हें आयकर के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए? इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि कृषि आय को टैक्स के दायरे से बाहर रखने के नियम का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। बहुत से लोग काफी समय तक दवा के स्थान पर बीमारी ढोना पसन्द करते हैं पर क्या वे जीते जी नष्ट नहीं हो जाते? खीर को ठण्डा करके खाने की बात समझ में आती है पर बासी होने तक ठण्डी करने का क्या अर्थ रह जाता है? समर्थ लोगों को स्वैच्छा से आयकर देने के लिये तत्पर होना चाहिए। देश में आयकर का विषय विवादों से घिरा रहा है। अभी भी कुछ अर्थशास्त्री आयकर को दोहरा एवं गैर-जरूरी कराधान मानते हैं। लम्बे समय से ऐसे स्वर भी उभरते रहे हैं कि एक आम आदमी लगभग हर वस्तु और सेवा के लिये कर चुकाता है तो फिर उससे आयकर वसूलने की जरूरत क्यों है? भविष्य में इस पर भी सकारात्मक चिन्तन की अपेक्षा है। एक और बड़ी विसंगति का सामना आयकरदाता करता रहा है कि उसे आयकर विभाग हर मोर्चे पर सन्देह एवं शंका की नजर से देखता है। इसलिये जितना आवश्यक आयकर संबंधी नियम-कानून सरल करना है, उतना ही इस बात की अपेक्षा है कि आयकर विभाग लोगों से अनावश्यक रूप से न तो सवाल-जवाब करे और न ही किसी भूल-चूक पर उन्हें तंग करे। यह तब संभव होगा।

# फिल्म संगीत से गायब होती मधुरता

वेलकम इंडिया


(अंजनी सक्सेना - विभूति फीचर्स)

भारतीय फिल्में सारी दुनिया में उत्साह और उमंग के साथ देखी जाती हैं। एक दौर ऐसा भी था जब फिल्मों से ज्यादा उनका संगीत पसंद किया जाता था। भारतीय फिल्मों की पहचान ही उनका कर्णप्रिय और सुमधुर संगीत हुआ करता था लेकिन समय के साथ अब यह पहचान धूमिल होती जा रही है। फिल्मी संगीत अब अपनी मधुरता खोता जा रहा है। कहा जाता है कि जीवन का प्रत्येक क्षण संगीत से जुड़ा होता है। हमारी सांसे भी संगीत की ताल और लय के अनुसार चलती हैं। मधुर संगीत मनुष्य को तनावमुक्त करता है। शास्त्रीय संगीत के हर राग का अपना विशेष महत्व है। अब तो यहां तक कहा जाने लगा है कि मनुष्य के रोगोपचार में भी शास्त्रीय संगीत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे समय में जब विज्ञान एवं चिकित्सा जगत शास्त्रीय संगीत की महत्ता को स्वीकार कर रहे हैं, तब फिल्मों से गायब होता शास्त्रीय संगीत सबको चौंका देता है।

आधुनिक समय में क्षणिक आनंद के लिए फिल्मों में हुल्लड़बाजी और शोर-शराबे से भरे गीत डाल दिए जाते हैं जो कुछ ही समय बाद गुमनामी की गर्त में समा जाते हैं। इसके विपरीत शास्त्रीय संगीत पर आधारित गीत लोग वर्षों बाद भी याद रखते हैं। वैसे गीत-संगीत भारतीय फिल्मों की आत्मा है और यहां वही गीत अमर हो पाते हैं जो शास्त्रीय संगीत पर आधारित होते हैं। भारत की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' में कुल ग्यारह गीत थे, जो इस बात के प्रमाण हैं फिल्मों में आरंभ से ही गीत-संगीत को आवश्यक तत्व माना जाता रहा है। इस फिल्म के सभी गीत शास्त्रीय रागों पर आधारित थे। आरंभिक दौर की फिल्मों में अधिकांश गीत शास्त्रीय रागों पर ही आधारित हुआ करते थे। उसी समय बनी एक फिल्म इन्द्रसभा में तो 71 गाने थे।

राग आधारित गीत चाहे वे सुख के हों या दुःख के, मिलन के गीत हों या विरह के या फिर नृत्य गीत ही क्यों न हों सभी को सुनने का एक अलौकिक आनंद होता था। इस तरह के सैकड़ों गीत वर्षों बीत जाने के बाद आज भी लोगों की जुबान पर हैं।

सुप्रसिद्ध फिल्म 'बैजूबावरा' का गीत- मोहे भूल गये




सांवरिया, तू गंगा की मौज में जमना का धारा, 'संत ज्ञानेश्वर' फिल्म का गीत 'जोत से जोत जलाते चलो'या फिर मनोज कुमार की सुपरहिट फिल्म "उपकारः का गीत 'मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे-मोती' क्या कोई कभी भी भुला सकता है? ये सभी गीत राग भैरवी पर आधारित हैं।

झूमती चली हवा (फिल्म-तानसेन, राग सोहनी) मधुबन में राधिका नाचेगी (फिल्म- कोहिनूर, राह हमीर) नैनों में बदरा छाए (मेरा साया, राग हमीर) के अलावा राग हमीर के ही गीत ऐ री मैं तो प्रेम दीवानी, मेघा छाए आधी रात गीत आज भी अविस्मरणीय हैं। राग मियां मल्हार के गीत बोले रे पपीहरा (गुड्डी), राग वागेश्वरी के राधा न बोले (आजाद) बसंत बहार के जा जा रे बालमा, राग कल्याण का मन रे तू काहे न धीरे धरे (चित्रलेखा), यमन कल्याण के मितवा (परिचय), तुम गगन के चंद्रमा में धरा की धूल हूं (सावित्री), लगता नहीं है मेरा दिल (लाल पत्थर), अहिर भैरव का पूछो न कैसे मैंने रैन बिताई, राग तिलंग का पिया तोसे नैना लागे (गाइड), राग जयजयवंती का मनमोहना बड़े झूठे, राग देशकार का ज्योति कलश छलके, राग केदार का दरशन दो घनश्याम, पल दो पल का साथ हमारा (द बर्निंग ट्रेन), राग तोड़ी का रैना बीती जाए (अमर प्रेम), राग शिवरंजनी का जरा सामने तो आओ छलिये जैसे गीत आज वर्षों बीत जाने के बाद भी लोकप्रिय बने हुए हैं।

आज के इस दौर में जहां केवल तेज संगीत को ही सफलता का सूत्र माना जाता है, वहां आजकल के संगीतकार भूल जाते हैं कि तेज संगीत में भी यदि कलात्मकता हो तो उसे सर्वकालीन और सर्वप्रिय बनने से कोई नहीं रोक सकता। फूहड़ और शोर-शराबे से भरपूर गीतों को क्षणिक लोकप्रियता भले ही मिल जाए लेकिन सदाबहार गीत वही हुआ करते हैं जो सरल, मधुर और कर्णप्रिय होते हैं। क्या आज के दौर के संगीतकार शंकर-जयकिशन, कल्याणजी आनंदजी, लक्ष्मीकांत प्यारेलाल, फिरोज शाह, पंकज मलिक, गुलाम हैदर, खेमचंद, नौशाद, सचिन देव बर्मन, सी. रामचंद्र, रोशन, सलिल चौधरी, ओ.पी. नैय्यर, चित्रगुप्त या फिर आर.डी. बर्मन जैसे संगीत निर्देशकों की तरह सुरीले गीत दे पाएंगे? रीमिक्स को सफलता का पैमाने मानने वाले शायद यह भूल जाते हैं कि आजकल के गाने पानी में उठे उस बुलबुले के समान हैं जो क्षण भर का मेहमान होता है जबकि पुराने संगीतकारों के शास्त्रीय संगीत युक्त गीत गगन में चमकते उस सूरज के समान हैं, जिसकी आभा कभी मद्धिम नहीं होती।

इस दौर में भी प्रतिभाशाली संगीतकारों की कमी नहीं है।अब अच्छे संगीतकारों की प्रतिभा भी अपना करिश्मा नहीं दिखा पा रही है। संगीत किसी भी राष्ट्र की सभ्यता संस्कृति व संस्कारों का दर्पण होता है। हमारे देश में संगीत को इतना सम्मान दिया जाता है कि देवी सरस्वती (जिन्हें संगीत की देवी भी कहते हैं) घर-घर में पूजी जाती हैं। आज भी सारी दुनिया में लता मंगेशकर और जगजीत सिंह के गीत बड़े ध्यान से सुने जाते हैं। भारतीय संगीत से सारे विश्व को गुंजायमान करने के लिए फिल्मकारों को आगे आना होगा और एक बार फिर से शास्त्रीय संगीत पर आधारित सुरीले गीतों की रचना करनी होगी तभी वे 'ज्योति कलश छलके' जैसी कालजयी रचनाओं का निर्माण कर सकेंगे।

# बढ़ती विद्युत दुर्घटनायें-चिंता का विषय



(यदुनाथ राम) मुख्य अभियन्ता (वि०) मेरठ क्षेत्र द्वितीय, मेरठ।

हमारे दैनिक जीवन में बिजली की उपयोगिता काफी बढ़ गई है। हम निजी जीवन में घर, दफ्तर या काम की अन्य जगहों पर चाहे वह उद्योग हों, वाणिज्यिक संस्थान हों अथवा सार्वजनिक स्थान हो, बिजली का प्रयोग अवश्य ही करते हैं। बिजली न रहने पर ऐसा लगता है कि हमारी दिनचर्या रूक सी गई है, आज हन दैनिक जीवन के अधिकांश गतिविधियों हेतु बिजली पर निर्भर हो चुके हैं। बिजली ने हमारे जीवन को आरामदायक बनाया है। किन्तु मामूली सी चूक या लापरवाही होने पर यही बिजली हमारे जान-माल के लिए खतरा भी बन जाती है। कहते हैं कि बिजली एक अच्छा दोस्त है किन्तु, असावधानी / लापरवाही भरा व्यवहार करने पर यह सबसे खतरनाक दुश्मन बन जाती है। देश में विद्युत दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जोकि हमारे लिए बड़ी चिंता का विषय बनती जा रही हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत में हर साल करीब 12,500 लोगों की मृत्यु बेजली के करंट लगने से ही होती हैं। यानि 30 लोग प्रतिदिन भारत में बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं से मरते हैं, जोकि बहुत ही दुःखद एवं पीड़ादायक है। विद्युत सुरक्षा सन्बन्धी नियमों की जानकारी देकर एवं लोगों को इन नियमों को पालन करने हेतु जागरूक करके हम विद्युत दुर्घटनाओं एवं इसके कारण होने वाली मौतों को काफी हद तक कम कर सकते हैं।

वर्तमान में हम देखते हैं कि 11000 वोल्ट या इससे अधिक वोल्टेज की विद्युत लाईनों के नीचे या इन लाईनों से बहुत कम दूरी पर लोग अपना घर बना लेते हैं। कई बार अपने घर के बारजे को इतना बढ़ा लेते हैं कि जिससे मकान की छत पर कोई भी व्यक्ति कार्य करते समय जरा सी लापरवाही होने पर विद्युत लाईनों के सम्पर्क में आ जाता है और विद्युत दुर्घटना का शिकार हो जाता है। कई बार विद्युत लाईनों के नीचे से ट्रैक्टर, ट्रक अथवा बस के ऊपर लदे हुये सामान विद्युत लाईन के सम्पर्क में आ जाने के कारण बड़ी विद्युत दुर्घटना हो जाती है। अक्सर बारिश के दिनों में विद्युत पोलों में करंट उतरने अथवा कटी-फटी सर्विस केबिल से टीन शेड इत्यादि में करंट उतरने के कारण भी विद्युत दुर्घटनायें होते हैं। विद्युत दुर्घटनाओं से बचने के लिए विद्युत सुरक्षा के नियनों की जानकारी होना तथा उनका सख्ती से पालन किया जाना अतिआवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तक लोगों में विद्युत सुरक्षा नियमों की जानकारी का काफी अभाव दिखता है। घर के अन्दर पंखे में, स्वीच बोर्ड में, कूलर/फरार्टा पंखे में करंट उतरने के कारण विद्युत दुर्घटना होने की खबरें प्रायः सुनने को मिलती रहती हैं। घरों के अन्दर विद्युत दुर्घटनाये प्रायः पुराने विद्युत उपकरणों के प्रयोग, पुरानी केबिल जोकि कई जगह कट-फट गई है तथा इंश्युलेशन खराब हो गया है, के प्रयोग करने एवं उनको भीगे बदन बिना जूते-चप्पल पहने छूने से हो जाती है। हमारे देश में लोगों की आमदनी जैसे-जैसे बढ़ी है, वैसे-वैसे लोगों का रहन-सहन का स्तर भी सुधरा है तथा हमारे घरों में अधिक विद्युत लोड वाले उपकरणों का उपयोग भी बढ़ गया है। कई बार हम एक ही विद्युत सर्किट में एक से ज्यादा विद्युत उपकरण लगा देते हैं, जिस वजह से उस सर्किट में उत्तकी क्षमता से ज्यादा करंट बहने से वह गर्म हो जाता है तथा आग लगने से शॉर्ट सर्किट होने से घटना हो जाती है। घर के अन्दर होने वाली विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव के लिए हमें साल भर में कम से कम एक बार घर की वायरिंग खास कर पुराने बने घरों की

वायरिंग की जाँच किसी अच्छे इलेक्ट्रिशियन के करवानी चाहिए तथा कटे-फटे एवं पुराने तारों को बदल देना चाहिए। किसी भी प्रकार के खुले जोड़ बिजली की तारों में नहीं होने चाहिए। तारों के जोडों को अच्छी क्वालिटी के टेप लगाकर बन्द कर देना चाहिए। जिन घरों की वायरिंग 15-20 साल पुरानी है उनकी नई वायरिंग करानी चाहिए क्योंकि पुरानी वायरिंग की क्षमता अब तक बढ़े हुए भार वहन नहीं कर सकती हैं। शॉर्ट सर्किट से बचने के लिए सुरक्षा उपकरणों जैसे-फ़्यूज सेट, एम०सी०बी० का प्रयोग करना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में घर की वायरिंग किये जाने वाले केबिल तारों की गुणवत्ता सही न होना एवं घर की वायरिंग की सही ढंग से अर्थिंग न किया जाना भी विद्युत दुर्घटना का कारण बनता है। बारिश के दिनों में कई बार दीवारों एवं दरवाजों में लीकेज के कारण करंट उत्तर आता है तथा हमें दीवारों को छूने पर हल्के झटके महसूस होते हैं। ऐसा होने पर हमें तुरन्त कुशल इलेक्ट्रिशियन से वायरिंग एवं अर्थिक की जाँच कराकर उन्हें ठीक करा लेना चाहिए। कई बार लोगों द्वारा सस्ते एवं घटिया क्वालिटी की एम०सी०बी० का प्रयोग किया जाता है, अथवा कट-आऊट में सही क्षमता का फ्यूज वायर लगाने की बजाये मोटा तार लगा दिया जाता है, जिससे ओवर लोड होने पर भी फ्यूज ब्लो नहीं करता / एम०सी०बी० ट्रिप नहीं करती तथा शोर्ट सर्किट हो जाने के कारण घर में आग लग जाती है। कनेक्शनों का लूज होना भी स्पार्किंग एवं विद्युत दुर्घटना का एक मुख्य कारण है। अतः घरों में विद्युत दुर्घटनाओं को रोकने हेतु घर की वायरिंग प्रशिक्षित एवं लाईसेंसधारी इलेक्ट्रिशियन से करनी चाहिए। किसी भी बिजली के उपकरण को चलाने के लिए तीन-पिन वाले प्लग का ही उपयोग करना चाहिए, इस प्लग में दो पिन बिजली की आपूर्ति के लिए (फेज और न्यूट्रल) और तीसरा पिन अर्थिंग (ग्राउंडिंग) के लिए होता है।

# बागेश्वर संघर्ष वाहिनी का हुआ गठन

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** नगर पालिका चुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले प्रत्यासी और उनके समर्थकों द्वारा आमजन की समस्याओं के निराकरण और कथित भृस्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए बागेश्वर संघर्ष वाहिनी संगठन बनाया है। संगठन की एक बैठक नगर के स्थानीय होटल में हुई, जिसमें दर्जनों लोगों ने संगठन की सदस्यता ली,संगठन का गठन सर्वसम्म्मति से किया गया।जिसमें कवि जोशी को जिलाध्यक्ष,वरिष्ठ पत्रकार व राज्य आंदोलनकारी और सामाजिक कार्यकर्ता, रमेश कृषक पांडे, तथा मनोज जोशी को संरक्षक,प्रकाश पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नवनीत बिष्ट को संगठन का जिला महामंत्री, मनीषा टम्टा प्रभा देवी और सोनम को उपाध्यक्ष ,सचिव के लिए रेखा देवी सुनीता देवी, दिव्यांशु कुमार,राहुल कुमार के नाम का समर्थन सभी सदस्यों द्वारा किया गया जिला कोषाध्यक्ष के पद पर सुनील पांडे को चुना गया तथा प्रकाश वाचमी कार्यालय प्रभारी, मीडिया सलाहकार के रूप में नागेंद्र मनवाल,विनोद थापा और मनोज अधिकारी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।समिति द्वारा भ्रष्टाचार तथा बेरोजगारी के सवाल पर सतत संघर्ष करने, बागेश्वर जनपद में समूह ग तथा घ की नियुक्तियां जिला तथा ब्लॉक स्तर पर करवाने की कानूनी व्यवस्था किए जाने, तथा जब तक सरकार बेरोजगारों को रोजगार का कानूनी अधिकार नहीं देती तब तक बेरोजगारों के लिए रोजगार भत्ते की कानूनी व्यवस्था सरकार करने के लिए लगातार संघर्ष का झंडा बुलंद करने का संकल्प लिया गया। संघर्ष वाहिनी जल जंगल जमीन और जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही किसी भी सरकारी गैर सरकारी इकाई का विरोध करेगी तथा सरकार पर लगातार आंदोलन के माध्यम से दबाव बनाया जाएगा। संघर्ष वाहिनी जिला पंचायत, ग्राम पंचायत , निकायों को आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में जो रुकावटें कानूनी प्रावधानों के माध्यम से या चालाकी से स्थापित किए गए हैं उनका विरोध करेगी तथा उन सभी कानूनी तथा चालाकी से किए गए प्रावधानों के खिलाफ आंदोलन करेगी। संघर्ष वाहिनी ने पंचायत को पूर्ण अधिकार दिलवाने के लिए संघर्ष करेगी।

वाहिनी की पहली बैठक में वाहिनी ने सरकार की निंदा करते हुए कहा है कि निकायों के चुनाव सरकार पंचायत के चुनाव भी टालने के लिए हर संभव प्रयास राज्य सरकार कर रही है ।सरकार की यह गतिविधि पंचायत राज विरोधी है तथा 73 में और 74 में संविधान संशोधन की आत्मा पर चोट है ।संघर्ष वाहिनी ने सरकार से एक माह के अंदर पंचायत राज के चुनाव करवाने की घोषणा की मांग की ।प्रदेश भर में बढती बेरोजगारी, मानवाधिकारों का हनन, माफियाओं की मनमानी, सरकार की निरंकुश्ता, स्मैक नशे का तेजी से बढ़ाया जा रहा बाजार, मानवाधिकार हनन के बढ़ते प्रकरण, छोटी-छोटी नगरों तक मॉल संस्कृति नाम की बीमारी को प्रवेश करवाए जाने जैसे तमाम मुद्दों को लेकर बागेश्वर संघर्ष वाहिनी उत्तराखंड स्टार का बृहद सम्मेलन करवाएगी। सम्मेलन में उत्तराखंड स्तर पर संघर्षशील संगठनों को आमंत्रित किया जाएगा ।संघर्ष वाहिनी उत्तराखंड में बेरोजगार संघ द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन भू कानून को लेकर चल रहे आंदोलन मूल निवास को लेकर चल रहे आंदोलन माफिया मुक्त उत्तराखंड बनाए जाने को लेकर चल रहे आंदोलन का समर्थन करता है तथा सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है ।इस मौके पर बंशी धर जोशी,मनीषा गीतांजलि, सुनील कुमार,सोनम आर्या, आदि मौजूद थे।

# सफलता का कोई शार्टकट रास्ता नहीं होता : मशहूद अहमद



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा क्षेत्र के एसएम अशरफ इंटर कॉलेज सालेहपुर में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के एसएम अशरफ इंटर कॉलेज सालेहपुर में शनिवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यालय के डायरेक्टर सैयद मशहूद अहमद ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए, कड़ी मेहनत के साथ-साथ सही सोच और व्यवस्थित तरीके से काम करना जरूरी है. सफलता पाने के लिए ये उपाय अपनाए जा सकते हैं।

लक्ष्य निर्धारित करें और उन पर लगातार काम करें, खुद पर भरोसा रखें और आत्म-विश्वास बढ़ाएं, सकारात्मक सोच रखें और नकारात्मक विचारों से बचें, सही समय पर सही फैसले लें, समय का सदुपयोग करें और टाइम मैनेजमेंट सीखें, गलतियों से सीखें और आगे बढ़ें, रिस्क लेने से न डरें। उन्होंने कहा कि विद्यालय को जब भी मेरी जरुरत होगी। मैं हर जगह खड़ा मिलुंगा। प्रबंधक जुनेद अशरफ ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचाने और उसी के अनुसार उसे शिक्षा दें। हर बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा होती है बस जरुरत होती है उसे प्रोत्साहित करने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मुहम्मद शहबाज और संचालन मुहम्मद तारिक ने किये।

इस अवसर पर गन्ना विकास इंटर कॉलेज मुंडेरवा के रिटायर्ड शिक्षक अबुजफर, समाजसेवी मुहम्मद अरमान सहित शिक्षक और शिक्षिकायें मौजूद रहे।

## उड़ान प्रतिभा खोज परीक्षा संपन्न



**संतकबीरनगर।** रविवार को विकास खंड सेमरियावा के एआरसी डिग्री कॉलेज मूड़ाडीहा बेग में उड़ान प्रतिभा खोज परीक्षा संपन्न हुई। सेमरियावा ब्लाक के एआरसी डिग्री कॉलेज मूड़ाडीहा बेग में रविवार को उड़ान प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया। कोऑर्डिनेटर मुहम्मद अहमद ने बताया कि 32 विद्यालयों के 640 विद्यार्थियों ने परीक्षा में शिरकत की।इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर मुहम्मद अहमद, मु.मुकर्रम, शाहबाज अहमद, इरशाद अहमद, खलीकुर्रहमान, वासदेव गौतम, शमीम अहमद, मेराज अहमद, मोनू गौतम, ताबिश कलीम, फरहान अहमद, तौहीद अहमद आदि मौजूद रहे।

## माउंट मर्सी स्कूल के उद्धाटन समारोह का भव्य आयोजन



**संतकबीरनगर।** स्थानीय ब्लॉक के दानुकोइया स्थित माउंट मर्सी स्कूल का उद्धाटन समारोह रविवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथियों, शिक्षाविदों और समाजसेवियों ने शिक्षा के महत्व और ऐसे संस्थानों की आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। डॉ. नफीस अख्तर ने स्कूल की विशेषताओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि बरकत अली ने शिक्षा के महत्व और समाज में ऐसे शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रेरणादायक भाषण दिया। जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अहमद ने सभा को संबोधित करते हुए ऐसे व्याख्यानों की उपयोगिता और शिक्षा के विकास में उनके योगदान पर चर्चा की। इसके अलावा डॉ. अशफाक अहमद, जफीर कर्खी, प्रो. मुबारक हुसैन ,अब्दुल हादी खान और अबरार अहमद ने भी शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में वसीम अख्तर अलीम अख्तर अलीग और अनीस खान ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रायफल क्लब मथुरा आयोजित शूटिंग कॉम्पटीशन में पत्रकारों ने जीते गोल्ड और सिल्वर मेडल



**मथुरा।** राइफल क्लब मथुरा द्वारा आयोजित हुए तीन दिवसीय शूटिंग कॉम्पटीशन में पूरे देश से आए लगभग 300 शूटरों ने भाग लिया, और अपनी कला की प्रदर्शनी की जिसमें मथुरा के पत्रकार भी पीछे नहीं रहे। मथुरा से पत्रकार बी.एल पांडेय और शिव शंकर शर्मा ने एयर पिस्टल शूटिंग कॉम्पटीशन में सहभागिता की और मथुरा का नाम रोशन करते हुए एयर पिस्टल शूटिंग कॉम्पटीशन में बी.एल पांडेय द्वारा गोल्ड मेडल तो वही शिव शंकर शर्मा द्वारा सिल्वर मेडल अपने नाम किया। सुरेंद्र कुमार अपर जिलाधिकारी न्यायिक,राकेश कुमार नगर मजिस्ट्रेट,श्रीमती प्राजक्ता त्रिपाठी उपजिलाधिकारी और सीओ क्राइम अनिल कपरवान ने दोनों पत्रकारों को मेडल पहनाकर शुभकामनाएं दी। वहीं मीडिया से बात करते हुए बी.एल पांडेय ने बताया कि संकल्प शूटिंग एकेडमी आगरा के संचालक और कोच विक्रांत सिंह तोमर द्वारा हमे प्रशिक्षण दिया गया ।और आज उन्हीं के प्रशिक्षण के कारण हम गोल्ड और सिल्वर जीत पाए है। वहीं उन्होंने बताया कि मथुरा जगत के पत्रकार साथियों के स्नेह और प्यार के कारण ही हम आज इस मुकाम को हासिल कर पाए है। और अगर ऐसे ही हमें हमारे कोच और पत्रकार साथियों का स्नेह मिलता रहा तो जल्द नेशनल में भी मेडल जीत कर मथुरा जिले का नाम रोशन करेंगे।

# महापौर एवं नगर आयुक्त ने वृद्धाश्रम का दौरा कर वृद्धों के लिए सुधार की दी दिशा

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह की ने रविवार को आदिल नगर, कल्याणपुर जोन-7 स्थित वृद्धाश्रम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां रहने वाले वृद्धों से मुलाकात की और उनकी स्थिति का जायजा लिया। वृद्धाश्रम में कुल 45 वृद्ध लोग आवासीय रूप से रहते हैं।

महापौर ने वृद्धाश्रम के प्रशासन से बातचीत करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने वृद्धों के लिए सुविधाओं में सुधार के लिए विशेष ध्यान देने की बात की। मेयर ने वृद्धाश्रम में एक ओपन जिम, सिंथेटिक पाथ, और योगा क्लास की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि वहां रहने वाले वृद्धों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो सके। इसके अलावा, उन्होंने वृद्धाश्रम के कमरों की मेंटेनेंस की स्थिति को सुधारने के लिए कदम उठाने की बात की ताकि वृद्धों को और अधिक आरामदायक और सुरक्षित माहौल मिल सके।


दौरे के दौरान महापौर और नगर आयुक्त ने वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों के साथ भोजन भी किया। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सभी वृद्धों से मिलकर उनकी हाल-चाल ली और उनकी समस्याओं को समझने की कोशिश की। मेयर ने वृद्धों को यह आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा और उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इस दौरान महापौर ने वृद्धाश्रम में आगामी होली उत्सव की योजना बनाई और सभी वृद्धों के साथ इसे मनाने का प्रस्ताव रखा। मेयर ने कहा कि इस तरह के आयोजन वृद्धों को मानसिक शांति और खुशी प्रदान करते हैं, और यह उनके सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा देता है।

इस दौरे का उद्देश्य वृद्धाश्रम की वर्तमान स्थिति को समझना और वृद्धों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करना था। मेयर और नगर आयुक्त के इस कदम से वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों को एक सकारात्मक संदेश मिला है कि उनकी देखभाल और भलाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

## प्रसन्नचित कैसे रहें

वेलकम इंडिया



पीयूष अरोड़ा (चांदपुर)

मन को प्रसन्न रखना एक बहुत बड़ी साधना है प्रभु मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति हमेशा प्रसन्नचित और आनंद में रहता है प्रभु भक्ति में व्यक्ति अपने मन को वश में रखकर हमेशा आनंदित रहता है यदि व्यक्ति नाशवान वस्तु व्यक्ति धन संपदा का ध्यान त्याग दे तो वह आनंदित रह सकता है इन सबसे सुख तो मिल सकता है लेकिन आंतरिक सुख नहीं यदि व्यक्ति नाशवान वस्तु व्यक्ति विशेष जमीन जायजा धन संपदा के बारे में सूचना बंद कर दे और आनंद म परमात्मा का ध्यान कर मन प्रभु मार्ग पर चले तो वह आनंदित रह सकता है जिसे हम लोग अपना मानते हैं यह कुछ समय के लिए आपको सुख तो दे सकता है जब व्यक्ति की मृत्यु होती है तो धन भी काम नहीं आता यहां तक की अपना भी कोई काम नहीं आता सबसे पहले पर कंधा अपना ही लगता है घर से निकलने के लिए जिसके लिए घर बना कर दिया वही आपको पर कंधा लगाकर शमशान तक ले जाता है

जब हम अपने किसी सगे संबंधी रिश्तेदार के शव को शमशान ले जाते हैं चर्चा करते हुए बहुत लोग मिल जाते हैं कि आखिर एक दिन यहीं पर सभी को आना है और शमशान घाट से निकलते ही सब कुछ भूल जाते हैं सब लोग इसलिए नाशवान वस्तु का मोह छोड़कर प्रभु भक्ति मार्ग पर चलकर अपने आप को प्रसन्नचित कर सकते हैं।

## हाईवे पर अज्ञात कन्टेनर की ट्रक से टक्कर

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित हनुमान मंदिर के पास रविवार को लाश ले जा रही एक एम्बुलेंस रोड पर छाए घुंए के कारण अज्ञात कन्टेनर ट्रक से भिड़ गई ।जबकि इसके पीछे चलरहे तीन अन्य वाहन एक दूसरे से टकरा गये ।जिससे एम्बुलेंस में सवार तीन लोग घायल हो गये। जो बेगुसराय बिहार के निवासी बताये जा रहे है। मगहर पुलिस दीवान प्रदीप सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह दिल्ली से एक एंबुलेंस चालक अंशु पुत्र रामवीर निवासी ऊंचा इस्लामाबाद जिला मैनपुरी शव को लेकर दिल्ली से बेगूसराय बिहार जा रहा था। अभी राष्ट्रीय राजमार्ग पर रसूलाबाद गांव के पास स्थित हनुमान मंदिर के निकट पहुंचे थे कि वहां आसपास जलरहे कूड़े से उठ रहे धुए से शायद कोहरा जैसा मौसम हो गया और अंधेरा होने के कारण सम्बुलेंस वहां खड़ी एक कंटेनर ट्रक के पीछे भिड़ गयी।

# धूमधाम से मनाया गया बाबा अवध दास महाराज का 88 वां तिरोभाव महोत्सव

वेलकम इंडिया




**वृन्दावन।** परिक्रमा मार्ग स्थित ललिता आश्रम में ब्रज के सुप्रसिद्ध संत, भागवत के प्रकांड विद्वान संत शिरोमणि बाबा अवध दास महाराज का 88 वां निकुंज लीला प्रविष्ट तिरोभाव महोत्सव अखिल भारत वर्षीय अध्यात्म रक्षा संघ के तत्वावधान में संत और विद्वानों की उपस्थिति में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा महाराज के पंती चेला पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव बाबा अवध दास महाराज अनेकानेक सद्गुणों की खान थे ।उन जैसी पुण्यात्मांओं से ही पृथ्वी पर धर्म व अध्यात्म का अस्तित्व है। अध्यात्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य राम निहोर शास्त्री ने कहा कि बाबा महाराज ज्ञान भक्ति और वैराग्य के मूर्तिमान स्वरूप थे ।उनका जीवन भागवतमय था।

ब्रह्म कीर्ति रक्षक दल के पंडित जुगेंद्र भारद्वाज एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि बाबा अवध दास महाराज देश की स्वतन्त्रता से पहले तपस्वी, त्यागी और परम्ज्ञानी संत थे ।इनको साक्षात भगवान का भी दर्शन हुआ ।वो परम्- उपासक सिद्ध वैष्णव संत थे। कृष्ण कन्हैया पदरेणु एवं बालेंदु भूषण गोस्वामी ने कहा कि इनके जीवन चरित्र को पढ़कर हम सही को सनातन मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर भक्ति वेदांत स्वामी मधुसूदन महाराज, स्वामी भानुदेवाचार्य, गोपाल भैया, रामदास महाराज (अयोध्या), जगदीश गोस्वामी, डॉ. राधाकांत शर्मा, आचार्य अंशुल पाराशर, कंचन मुंगेरिया (लुधियाना), बाल किशन शर्मा ( बालों पण्डित), रामबाबू शर्मा, आचार्य ईश्वर चंद्र रावत, वीरपाल मिश्रा, दिनेश शर्मा फलाहारी, सुभाष शर्मा, भरत दास भक्तमाली, संत सेवानंद ब्रह्मचारी, डॉ. जमुना शर्मा, संत जुगल चरण दास, बाबा कर्मयोगी महाराज, पण्डित सत्यभान शर्मा, चित्रकार द्वारिका आनंद, पंडित राजेश पाठक, रामविलास चतुर्वेदी, पंडित पंकज गौतम, जयराम शर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त कर पूज्य बाबा महाराज को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। संचालन

आचार्य रामनिहोर त्रिपाठी ने किया ।आचार्य अंशुल पाराशर ने सभी धन्यवाद ज्ञापन किया।

महोत्सव के अंतर्गत ब्रह्म कीर्ति रक्षक दल की ओर से पण्डित जुगेंद्र भारद्वाज के द्वारा प्रमुख समाजसेवी पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ का सम्मान किया गया ।साथ ही उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं ठाकुरजी का पटुका-प्रसादी-माला आदि भेंट करके उनका अभिनंदन किया गया।

# जल्द रेल लाइन निर्माण का बजट स्वीकृत कराए केंद्र सरकार

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर।** टनकपुर-बागेश्वर रेल मार्ग संघर्ष समिति ने केंद्रीय बजट में बागेश्वर रेल मार्ग के लिए बजट स्वीकृत नहीं करने पर गहरी नाराजगी जताई है। रेल संघर्ष समिति ने बार बार आंदोलन के बाद भी केंद्र सरकार द्वारा जल्द रेल लाइन निर्माण का आश्वासन के बाद भी अब तक रेल लाइन निर्माण के लिए बजट की स्वीकृति नही दी गई है। वक्ताओं ने कहा कि जब सर्वे का कार्य पूरा हो गया है तो केंद्र सरकार द्वारा रेल लाइन निर्माण के लिए बजट भी जारी कर देना चाहिए था। सरकार द्वारा हीलाहवाली नहीं करनी चाहिए थी। जब तक बजट नहीं मिलेगा उनका आंदोलन जारी रहेगा।

समिति से जुड़े लोग संघर्ष समिति अध्यक्ष नीमा दफौटी के नेतृत्व में तहसील परिसर में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि वह रेल के लिए 2004 से संघर्ष कर रहे हैं। यह संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। जब तक जिले में रेल नहीं आती तब तक यहां का विकास होना भी संभव नहीं है। केंद्र सरकार ने सर्वे कार्य पूरा कर दिया है, लेकिन बजट देने में कंजूसी कर रही है। जिसे कतई सहन नहीं किया जाएगा ।वक्ताओं ने कहा कि गत दिनों खोली गांव में सर्वे के नाम पर एक टीम आई थी। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। सर्वे करने वाली टीम की जानकारी जिला प्रशासन को भी नहीं थी। उन्होंने सर्वे को आने वाली टीम से संघर्ष समिति तथा जिला प्रशासन को भी विश्वास में लेने की मांग की है। बैठक का संचालन महामंत्री केशवानंद जोशी ने किया। इस मौके पर प्रवीण दफौटी, कमला शर्मा, गीता रावल, पार्वती देवी, सरस्वती ड्याराकोटी, चरण सिंह बघरी, बंशीधर जोशी, प्रताप सिंह दानू, अर्जुन देव, दयाकृष्ण पांडे आदि मौजूद रहे।

# मदरसा नूरुल उलूम करमा खान एक साल में 13 बच्चों ने किया कुरान शरीफ याद



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** मदरसा नूरुल उलूम करमा खान में 13 बच्चों द्वारा पवित्र धर्मग्रंथ याद करने के उपलक्ष्य में रविवार को सम्मान समारोह एवं परीक्षाफल वितरण कार्य क्रम का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों उर्दू हिंदी अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

इस अवसर पर मदरसा के प्रधानाचार्य मौलाना मो शाहिद कासमी ने बच्चों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया।

मौलाना कासमी ने बताया कि मो शाहिद,मो रेहान,मो जाफर ,मो शहजाद, अब्दुल सत्तार, अब्दुल्लाह ,मो शाहिद,मो जैद,मो अदनान,मो दाऊद, सइदुद्दीन,शादाब अहमद और मो हस्सान ने पूरा कुरान शरीफ याद कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है ।अभिभावकों की मौजूदगी में इन्हें पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया ।इसी प्रकार प्राथमिक स्तर के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले 30 बच्चों को पुरस्कृत किया गया ।सभी बच्चों को परीक्षाफल भी वितरित किए गए ।बच्चे परीक्षाफल पाकर काफी खुश नजर आए। कार्यक्रम का संचालन मो अरशद कासमी ने किया।

# अड़ींग में शोपीस बने 28 लाख के वाटर एटीएम


## अडींग के गामेती मोहल्ले में 14 लाख का आरओ व 10 केवी सोलर स्टेशन पर 11 लाख खर्च, एक दिन नहीं चला, सबकुछ टूटा

**मथुरा।** 39 करोड़ की परफॉर्मेंस ग्रांट वाली ग्राम पंचायत अड़ींग में 2 आरओ वाटर एटीएम के निर्माण पर 27 लाख 60 हजार व 10 एवं 30 केवी सौर संयंत्र अवस्थापना पर करीब क्रमशः 14 तथा 23 लाख एक-दो वर्ष पूर्व खर्चे जा चुके हैं लेकिन एटीएम आज तक चालू नहीं हुए। गामेती मोहल्ले का एटीएम व सोलर स्टेशन दो साल पूर्व बनाया लेकिन बगैर चले ही खत्म हो गया। रतन पार्क में 30 केवी सोलर स्टेशन 23 लाख तथा आर ओ एटीएम पर 14 लाख खर्च हुए डेढ़ साल हो चुका है लेकिन एक बोतल पानी भी किसी ग्रामीण को नहीं मिला।

47 लाख सोलर हाईमास्ट लाइटों पर खर्च हो गया लेकिन अंधकार नहीं मिटा। डीपीआरओ किरन चौधरी ने मोटी कमीशन खोरी के चक्कर में धन खर्चने में बेहद जल्दबाजी दिखाई। शुद्ध पानी के लिए 28 लाख खर्च होने के बाद भी ग्रामीण 60 साल पुरानी लाइन का पानी पीने को विवश हैं जो लीकेज बने रहने के कारण गंदा पानी ही मुहैया करा पाती है।

- डीपीआरओ ने कमीशनखोरी के चक्कर में दिखाई खर्च में तेजी
- रतन पार्क में 30 के वी सोलर स्टेशन 23 लाख, आर एटीएम पर 14 लाख खर्च हुए डेढ़ साल हुआ, आज तक नहीं चला
- 47 लाख की सोलर हाईमास्ट लाइटें लगने के साथ अधिकांश हुई खराब

कार्ययोजना के प्रस्ताव संख्या 76-77 पर 10-10 केवी सौर संयंत्र बनने थे। इनमें से एक गामेती मोहल्ला स्थित जाटव धर्मशाला पर व दूसरा पंचायत भवन में स्थापित किया गया। प्रस्ताव 95-96 के अनुसार 13.80-13.80 लाख के दो आरओ एटीएम लगाए गए। गामेती मोहल्ले में एटीएम व सोलर स्टेशन दो साल पूर्व बनाया गया जो एक दिन भी नहीं चला। हालत यह है बगैर चले सोलर पैनल डैमेज हो चुके हैं। पंचायत सचिव का ध्यान भी धन खर्चने पर है। उसके सार्थक उपयोग पर नहीं।



पूर्व प्रधान मुनीष स्वरूप ने आरोप लगाया कि डीपीआरओ किरन चौधरी ने कमीशनखोरी के चक्कर में अड़ींग पंचायत में धन का व्यापक अपव्यय किया है। यदि ठीक से जांच हो तो कयी सरकारी अफसरों पर गाज गिरेगी। भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रतिनिधि दिलीप कुमार यादव ने आरोप लगाया जब जिम्मेदार अफसर ही भ्रष्ट हों तो प्रधान और सचिव आदि की क्या बिसात कि वह अफसर की मंशा के खिलाफ जाए। उन्होंने कहा कि कार्य-योजना के प्रस्ताव संख्या 76 के अनुसार 46.80 लाख की सोलर हाईमास्ट लाइटें गांव में लगनीं थीं। लाइटें लगाई भी लेकिन पूरी लाइटें लगीं कि नहीं यह जांच का विषय है। लगी लाइटें भी ज्यादातर खराब हो चुकी हैं। 7 करोड़ मण्डी पर गलत खर्च कर दिया। जल प्लावित एरिया में सुदर देहात की बजाय बाईपास पर जमीन खरीद कर मण्डी बनाई जाती तो चलती ही और दुकानों हाथों हाथ बिक जातीं। नालों के निर्माण पर भी कयी करोड़ खर्चने के बाद भी कमी जगह गंदा पानी जमा है। लेबिल गलत सलत बनाया गया है। ग्रामीणों ने अड़ींग पंचायत को विजिलेंस जांच में शामिल करने की मांग की है ताकि जिम्मेदार अफसरों का भ्रष्टाचार उजागर हो सके व बाकी बचे 15 करोड़ करीब धन का सदुपयोग हो सके।

- 39 करोड़ की कार्ययोजना की प्रस्ताव संख्या, काम व धनराशि
- 76-10केवी सौर संयंत्र 11.94 लाख
- 77- 10केवी सौर संयंत्र 10.89 लाख
- 78-30केवी सौर संयंत्र प्रस्तावित 23.59
- 79- उपरोक्तानुसार 23.59
- 76-18७4वाट की सोलर हाईमास्ट 46.80 लाख
- 95-13.80लाख आर आओ वाटर एटीएम
- 96-13.80 आर आओ वाटर एटीएम

# डीएम और एसएसपी ने बरेली जंक्शन का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** नई दिल्ली में महाकुंभ प्रयागराज जाने वाली ट्रेन को पकड़ने के लिए मची भगदड़ में 18 यात्रियों की मौत के बाद बरेली के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने एसएसपी अनुराग आर्य और एसपी सिटी मानुष पारीक ने साथ बरेली जंक्शन का निरीक्षण किया। जिसके बाद उन्होंने प्लेटफार्म नबंर एक पर पहुंचकर सीओ जीआरपी और जीआरपी प्रभारी को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने निर्देश दिए।

महाकुंभ को लेकर इन दिनों रेलवे जंक्शन और रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की भारी भीड़ जमा हो रही है। हर कोई ट्रेन पकड़ने के लिए जुगत में लगा हुआ है। रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ जमा होने से अव्यवस्थाएं न फैले इसलिए रविवार सुबह जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार और एसएसपी अनुराग आर्य व एसपी सिटी मानुष पारीक ने निरीक्षण के दौरान रेलवे जंक्शन की व्यवस्थाएं परखी।

जिलाधिकारी ने जीआरपी ओर आरपीएफ के अफसरों से बात कर व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। अधिक भीड़ होने पर जंक्शन पर फोर्स लगाई जाए, लोगों को निकलने बैठने में कोई परेशानी न हो इस पर भी गौर दिया जाए। एसएसपी ने कहा दिल्ली जैसा हादसा बरेली जंक्शन पर न हो इसका ध्यान रखा जाए।

# रंजिश के चलते तीन लोगों ने की एक युवक के साथ मारपीट

**कांधला।** नगर के मोहल्ला खाकरोबान निवासी एक युवक के साथ मोहल्ले के तीन लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। रविवार को नगर के मोहल्ला खाकरोबान निवासी मांगेराम ने बताया कि मोहल्ले के कई लोग पीड़ित से रंजिश रखते हैं रंजिश के दौरान आए दिन पीड़ित के साथ गाली गलौज करते रहते हैं। सुबह सवेरे वह मोहल्ले में ही परचून की दुकान पर घरेलू सामान लेने के लिए जा रहा था आरोप है कि मोहल्ले के तीन लोगों ने पीड़ित को रोक लिया और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। जब पीड़ित ने गाली गलौज करने का विरोध किया तो आरोपियों ने लात घुसों एवं डंडों से जमकर मारपीट की। शौर शराबा होने पर मोहल्ले के लोग भी मौके पर इकठ्ठा हो गए आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# पत्नी को प्रेमी संग आपत्तिजनक स्थिति मे देख चौका पति

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बदायूं।** बरेली मंडल के बदायूं जिले के मूसाझाग थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला का प्रेम प्रसंग उस वक्त उसके पति के सामने आ गया, जब उसका पति खेत से अचानक लौटकर अपने घर पहुंचा। उसने अपनी पत्नी को प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया और तुरंत कमरे को बाहर से बंद कर पुलिस को बुला लिया। जानकारी के अनुसार, एक महिला की अलापुर थाना क्षेत्र के एक युवक से फेसबुक पर दोस्ती हो गई थी। धीरे-धीरे दोनों की बातचीत बढ़ी और प्रेम संबंध बन गए। चोरी-छिपे मुलाकातों का सिलसिला शुरू हो गया। इस कहानी में खास बात यह है कि महिला चार बच्चों की मां है, लेकिन इसके बावजूद उसने अपने प्रेमी को पति की गैरमौजूदगी में घर बुला लिया। घटना की रात महिला का पति खेत पर सिंचाई करने गया था। इसी दौरान महिला ने प्रेमी को घर बुला लिया। दोनों एक कमरे में चले गए और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। आधी रात जब पति घर लौटा, तो उसे कमरे के अंदर से कुछ आवाजें सुनाई दीं। शक होने पर उसने खिड़की से झांककर देखा, तो अंदर का नजारा देखकर वह हैरान रह गया। गुस्से में पति ने कमरे की कुंडी बाहर से बंद कर दी और तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने की वजह से पुलिस ने दोनों का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया। लेकिन थाने में हुई कार्रवाई के बाद अगले ही दिन दोनों को कोर्ट से जमानत भी मिल गई। लेकिन इसके बाद महिला ने ऐसा कदम उठाया जिसने सबको चौंका कर रख दिया। महिला अपने चार बच्चों और पति को छोड़ प्रेमी के साथ ही चली गई। अब पति अकेले अपने बच्चों की देखभाल कर रहा है।

# अलंकरण समारोह में 42 सैन्य इकाइयों और वीर सैनिकों को मिला सम्मान

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** भारतीय सेना की मध्य कमान (सेंट्रल कमांड) ने रविवार को उत्तर भारत क्षेत्र मुख्यालय, बरेली सैन्य स्टेशन में एक भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 42 सैन्य इकाइयों और वीर सैनिकों को उनकी बहादुरी, कर्तव्य परायणता और विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस समारोह के दौरान 20 सैनिकों को वीरता और विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया, जबकि 22 सैन्य इकाइयों को जीओसी-इन-सी मध्य कमान यूनिट प्रशंसा पत्र से नवाजा गया। सम्मान प्राप्त करने वाले जांबाज सैनिक सेना पदक (वीरता) से सम्मानित अधिकारी और जवान बार टू सेना पदक (वीरता) लेफ्टिनेंट कर्नल नितिन कुमार सिंह, सेना पदक (वीरता) लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक कुमार सिंह, मेजर पुष्पिंदर सिंह वर्मा, मेजर तुफैल अहमद, मेजर गोविंद सिंह, मेजर राम सागर पांडे, कैप्टन विमान्यु त्यागी, सूबेदार हरवीर सिंह (सेवानिवृत्त), हवलदार सुदेश कुमार, नायक लोकिंदर शर्मा, एएलडी राजेश कुमार, पैराट्रूपर सुशील शामिल रहे, इसके अलावा, 11 सैनिकों को सेना पदक (वीरता), 3 को सेना पदक (विशिष्ट) और 6 को विशिष्ट सेवा पदक (वीएसएम) प्रदान किए गए। भारतीय सेना में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए 9 सूर्या ट्रॉफियाँ प्रदान की गईं। जिनमें श्रेणी-1 (10 हजार से अधिक जनसंख्या) में महु, लखनऊ, बरेली। श्रेणी- 2 में (5 हजार से 10 हजार जनसंख्या) में वाराणसी, कानपुर अवेरीपट्टी। श्रेणी-3 (5 हजार से कम जनसंख्या) में लैंसडाउन, जमशेदपुर, शाहजहाँपुर शामिल हैं।

मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता (पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम) ने सम्मानित सैनिकों को अलंकरण पदक और प्रशंसा पत्र प्रदान किए। उन्होंने वीर सैनिकों और उनके परिवारों के बलिदान की सराहना की और कहा कि उनके समर्पण और परिश्रम से ही सेना की ऊँची परंपराएँ बनी रहती हैं। इस भव्य समारोह में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, पूर्व सैनिक, पुरस्कार विजेता सैनिकों के परिवारजन और अन्य सैन्यकर्मी उपस्थित रहे। लेफ्टिनेंट जनरल सेनगुप्ता ने सभी सैन्य कर्मियों को राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने और अनुशासन को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का गौरवशाली सम्मान समारोह, वीरता और सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

# बुलेट बाइक डिवाइडर से टकराई लगी आग चालक घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित गांव भारसी गेट के समीप बुलेट बाइक सवार की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बुलेट बाइक सवार घायल हो गया और बुलेट बाइक सड़क पर गिर जाने से बुलेट बाइक में आग लग गई आसपास के राहगीरों ने आग को बुझाया और घायल को उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया।

शनिवार की देर शाम नोएडा निवासी शिवम पुत्र रामपाल अपने बुलेट बाइक पर सवार होकर जनपद मुजफ्फरनगर निवासी अपने दोस्त के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। बाइक सवार युवक शादी समारोह संपन्न होने के बाद शामली अपनी रिश्तेदारी में मिलकर दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे से होते हुए वापस अपने घर नोएडा जा रहा था।

बुलेट बाइक सवार जैसे ही क्षेत्र के भारसी गेट के समीप पहुंचा तो अचानक से बुलेट बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। बाइक से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक में आग लग गई। हाईवे से गुजर रहे राहगीरों ने बुलेट बाइक में लगी आग पर पानी डालकर काबू पाया और हादसे की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल को उपचार के लिए नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की जानकारी मिलने पर घायल के परिजन भी अस्पताल में पहुंच गए और परिजन घायल युवक को प्राथमिक उपचार कराने के बाद अपने साथ नोएडा ले गए।

# सड़क चौड़ा करने के लिए हटेगा नगर निगम का वेंडिंग जोन



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** कुष्ठ आश्रम रोड पर डीडीपुरम सबस्टेशन के पास बना नगर निगम का वेंडिंग जोन सीएम ग्रिड प्रोजेक्ट के तहत सड़क को चौड़ा करने में बाधा बन रहा है। नगर निगम के अधिकारियों ने इसे यहां से हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट करने की तैयारी शुरू कर दी है।सीएम ग्रिड प्रोजेक्ट के तहत सबसे पहले कुष्ठ आश्रम रोड पर ही काम पूरा करने की योजना है। इसी रोड पर डीडीपुरम सबस्टेशन के पास नगर निगम ने वेंडिंग जोन बना रखा था। सड़क की जिस साइड में वेंडिंग जोन है, उसी साइड में सीवर लाइन बिछाने के लिए खुदाई कराई रही है। बिजली की अंडरग्राउंड लाइन भी इसी साइड में डाली जाएगी क्योंकि सबस्टेशन भी इसी तरफ है। कार्यदायी संस्था की तकनीकी टीम ने सर्वे के बाद वेंडिंग जोन को कहा है। उधर, एकता नगर में 45 सौ मीटर की सड़क के निर्माण के लिए अतिक्रमण को चिह्नित करने का काम शनिवार को पूरा हो गया। नगर निगम की टीम सोमवार को अतिक्रमण पर लाल निशान लगाने की तैयारी में है। महर्षि कश्यप चौराहे से डेलापीर तक भी अतिक्रमण चिह्नित किया जाना है। गंगाशील अस्पताल रोड पर कुछ मकानों की चारदीवारी भी अतिक्रमण कर बनाई गई है जिसे तोड़ने के लिए नोटिस जारी करने की तैयारी है।

# नगर निगम के हाउस टैक्स बिलों में गड़बड़ियों को देखकर लोगों में आक्रोश

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** नगर निगम के हाउस टैक्स के गलत बिलों से परेशान लोग नगर निगम के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद बिलों में सुधार नहीं हो पा रहा है। इससे नाराज लोगों ने शनिवार को पार्षद राजेश अग्रवाल की अगुवाई में नगर निगम पहुंचकर प्रदर्शन करने के बाद नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया, इसको लेकर तमाम लोग पार्षद राजेश अग्रवाल के साथ नगर निगम पहुंचे जहां नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से हाउस टैक्स के बिलों में गड़बड़ियों के निराकरम की मांग की गई।

इस मौके पर राजेश अग्रवाल ने कहा कि जीआईएस सर्वे के बाद टैक्स के बिलों में लगातार गड़बड़ियां निकल रही हैं। स्वकर फार्म जमा होने की अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित हुई थी लेकिन तमाम संपत्तियों का मिलान नहीं हुआ है, डबल आईडी की समस्या भी लोगों को परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम बरसों पुराना बकाया जोड़कर मनमाने ढंग से बिल भेज रहा है। बिलों में सुधार भी नहीं हो रहा है, इसलिए लोग चाहकर भी टैक्स जमा नहीं कर पा रहे हैं।

उन्होंने नगर आयुक्त से समस्या के निराकरण की मांग करते हुए कहा कि गलत बिलों को तेजी से ठीक कराने के लिए ठोस कदम उठाया जाए ताकि लोग समय से हाउस टैक्स जमा कर सकें। इससे नगर निगम की आय बढ़ने के साथ लोगों की दिक्कतें भी दूर होंगी।

लोगों की समस्या ध्यान में रखते हुए स्वकर फार्म भी जमा किए जाएं। नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि समस्याओं के समाधान के लिए टैक्स विभाग को निर्देश जारी किए जाएंगे।

# हनीट्रैप गिरोह की सरगना माधुरी पाल ने कोर्ट में किया सरेंडर

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** पुलिस-डॉक्टर समेत कई लोगों को हनी ट्रैप में फंसा कर मोटी रकम वसूलने वाली गिरोह की सरगना माधुरी पाल ने आखिरकार कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। लंबे समय से फरार माधुरी पाल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश देती रह गईं। उसके खिलाफ बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

नवाबगंज के शाहपुर निवासी युवक ने बीते साल 3 अप्रैल को थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ममता दिवाकर, माधुरी पाल, रीना उर्फ शीतल और सत्यवीर ने उसे जाल में फंसाया। ममता ने कॉल कर उसे रीना के कमरे पर बुलाया, जहां आरोपियों ने कोल्डड्रिंक में नशीले पदार्थ देकर उसे बेहोश कर दिया और निर्वस्त्र कर रीना के साथ उसके अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए और उसे ब्लैकमेल किया। पुलिस ने ममता दिवाकर उर्फ मधु को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस पूछताछ में उसने गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम बताए थे। गिरोह की पुलिस की मिलीभगत भी सामने आ चुकी है। परसाखेड़ा के एक उद्यमी को भी फंसाकर किला चौकी इंचार्ज की वसूली का मामला सामने आया था। एसएसपी के आदेश पर चौकी इंचार्ज और सिपाही समेत कई लोगों के खिलाफ किला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। करगैना के एक रिटायर्ड दरोगा से गिरोह ने खुद को सीबीआई अफसर बताते हुए रुपये ऐंठ लिए थे। मुरादाबाद के ट्रेनी दरोगा को भी जाल में फंसाकर 50 लाख रुपये मांगे गए थे और पैसे नहीं देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी थी। दरोगा के पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में पांच के विरुद्ध एनसीआर दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र की इदरीस बैग बिहार कालोनी में पानी भरनो को लेकर हुए दो पक्षों के विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर पांच महिला पुरुषों के विरुद्ध एनसीआर दर्ज की है पुलिस आगे की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र की इदरीस बैग बिहार कालोनी निवासी महिला फूलो पत्नी नौशाद एवं सकूदा पत्नी कय्यूम के बीच गत दिवस मंगलवार को समरसेबल से पाइप लगाकर पानी भरने को लेकर मारपीट हो गई थी दोनों महिलाओं ने थाने पहुंचकर तहरीर दी थी। आरोप है की गत दिवस शनिवार की सवेरे फूलों पत्नी नौशाद परचून की दुकान पर नाश्ते का सामान लेने के लिए जा रही थी पीड़िता का आरोप है की रंजिश के चलते कय्यूम की पत्नी शकूदा एवं उसके पुत्र अबूजर और कय्यूम ने पीड़िता को गली में रोक लिया और उसके साथ लाठी डंडे एवं लोहे की नाल से मारपीट कर घायल कर दिया था।

# कोहिरा डायमंड्स ने लखनऊ में शोरूम का किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** प्रीमियम लैब-ग्रोन डायमंड ज्वैलरी में अग्रणी कोहिरा डायमंड्स, लखनऊ में अपने नए शोरूम के उद्घाटन की घोषणा करते हुए रोमांचित हुआ। 1311 वर्ग फीट में फैला यह अत्याधुनिक शोरूम टिकाऊ, उच्च गुणवत्ता वाले हीरे के टुकड़ों का शानदार संग्रह पेश करके लक्जरी ज्वैलरी शॉपिंग को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है।

उद्घाटन बॉलीवुड की अभिनेत्री शिवांगी जोशी द्वारा किया गया और कोहिरा के सम्मानित मेहमानों और ग्राहकों के साथ इस उपलब्धि का जश्न मनाइए। इस जश्न में कोहिरा डायमंड्स के निदेशक हिरेन कोटक, फ्रैंचाइजी के मालिक शशांक जैन और अंकित जैन भी शामिल हुए, जो उत्तर भारत में ब्रांड के महत्वपूर्ण विस्तार को चिह्नित करेंगे।



कोहिरा डायमंड्स कोहिनूर की कालातीत चमक से प्रेरित है और प्रयोगशाला में उगाए गए हीरों के साथ आभूषण उद्योग में क्रांति लाने के लिए समर्पित है। ये हीरे न केवल शान का प्रतीक हैं, बल्कि अधिक टिकाऊ और जिम्मेदार भविष्य की ओर एक कदम भी हैं।

कोहिरा के प्रयोगशाला में विकसित हीरे पर्यावरण के अनुकूल संघर्ष-मुक्त और परिशुद्धता के साथ तैयार किए गए हैं।

ग्राहक विश्वास सुनिश्चित करते हुए, कोहिरा एक पारदर्शी और परेशानी मुक्त बायबैक और एक्सचेंज पॉलिसी प्रदान करता है। इस अवसर पर अभिनेत्री शिवांगी जोशी ने कहा, मैं लखनऊ में कोहिरा डायमंड्स के लॉन्च का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। उनके आभूषण न केवल बेहद खूबसूरत हैं, बल्कि स्थिरता को भी बढ़ावा देते हैं, जो इसे आधुनिक पीढ़ी के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है। संध्या हाइट्स - बी 76, आशियाना रोड, फीनिक्स यूनाइटेड मॉल के सामने, सेक्टर बी, एलडीए कॉलोनी, लखनऊ में स्थित यह शोरूम ग्राहकों को शानदार और व्यक्तिगत खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। कोहिरा डायमंड्स के निदेशक हिरेन कोटक ने कहा हम लखनऊ में कोहिरा डायमंड्स को लाने के लिए उत्साहित हैं, जो अपनी समृद्ध विरासत और बेहतरीन आभूषणों के लिए जाना जाने वाला शहर है। टिकाऊ विलासिता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, हमारे अनूठे डिजाइन और ग्राहक-केंद्रित नीतियों के साथ मिलकर कोहिरा को लैब-ग्रोन डायमंड ज्वेलरी के लिए जाना-माना ब्रांड बनाती है।

इस लॉन्च के साथ, कोहिरा डायमंड्स के अब भारत भर में छह शोरूम हो गए हैं, जो नैतिक और टिकाऊ हीरे के आभूषणों को सभी के लिए सुलभ बनाने की अपनी यात्रा में एक और मील का पत्थर है।

# 36 घटे में खुलासा : सर्राफा व्यापारी से लूट के बदमाशों से पुलिस और एसओजी की मुठभेड़, एक को लगी गोली, तीन गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**सादाबाद।** 14 फरवरी को वादी मनोज कुमार वर्मा पुत्र ओमप्रकाश निवासी रामनगर मुरसान रोड थाना सादाबाद जनपद हाथरस द्वारा लिखित तहरीर के माध्यम से थाना सादाबाद पर सूचना दी कि उसकी सरार्फा की दुकान निरंजन बाजार सादाबाद में है, समय करीब शाम 7.10 बजे दुकान को बन्द करके अपने पुत्र हर्ष के साथ स्कूटी पर घर जा रहा था तभी स्टेट बैंक के पास दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके पुत्र की आँखो में लाल मिर्च का पाउडर डाल दिया जिससे स्कूटी गिर गयी ।दोनो व्यक्ति स्कूटी को उठाकर ले गये ।उक्त स्कूटी की डिग्गी में पीली धातु के आभूषण व खातावही रखे हुए थे ।पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा उक्त घटना को बेहद गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी सादाबाद के नेतृत्व में टीमों का गठन कर घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था, तथा एसओजी व सर्विलांस टीम को भी लगाया था। थाना सादाबाद पुलिस एवं एसओजी टीम की शनिवार रात्रि में मडनई रोड से मथुरा रोड की तरफ बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। जिसमें एक अभियुक्त फरहान पुत्र सलीम घायल-गिरफ्तार किया।

पुलिस ने घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा। पुलिस ने कांबिंग के दौरान अन्य 3 साथी अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से लूटे हुए पीली व सफेद धातु के आभूषण, दो तंमंचा एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, व एक मिस कारतूस 315 बोर बरामद हुए है।

## वादी का पुत्र हर्ष, अभियुक्त फरहान की बहन से करता था चैटिंग, सबक सिखाने को की गई थी लूट

गिरफ्तार अभियुक्तगणो द्वारा पूछताछ में जुर्म का इकबाल करते हुए बताया कि अभियुक्त आदर्श वर्मा की वादी के पड़ोस में ही सरार्फा की दुकान है ।वादी का पुत्र हर्ष अभियुक्त फरहान की बहन से चैटिंग करता था जो फरहान को पसंद नहीं था ।वह उसे सबक सिखाना चाहता था ।जिसके लिए अभियुक्त फरहान ने आदर्श वर्मा पड़ोसी सुनार से संपर्क किया जो फरहान के साथ जिम करता था ।जिनके द्वारा अपने सह अभियुक्तगणों के साथ मिलकर उनकी रैकी की गयी थी तथा चारो अभियुक्तगणो द्वारा मिलकर लूट की योजना बनाई तथा दिनांक 14 फरवरी 2025 को योजनानुसार जब वादी अपने पुत्र के साथ घर जा रहा था तभी एसबीआई बैंक के पास से की घटना कारित करना बताया गया ।अभियुक्तगण आज लूटे हुए माल को आपस में बांटने के फिराक मे थे ।लूटी हुई स्कूटी को स्कूटी से आभूषण निकालकर किसी नहर–बम्बे में छिपाना बताया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है ।अभियुक्त फरहान उपरोक्त के विरुद्ध थाना सादाबाद पर हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत है ।जो पूर्व में जेल जा चुका है ।पुलिस द्वारा अन्य गिरफ्तार अभियुक्त गणों के आपराधिक इतिहास के संबंध में जानकारी करते हुए विस्तृत पूछताछ की जा रही है ।पुलिस ने अभियुक्त फरहान पुत्र सलीम निवासी रामलीला ग्राउन्ड कस्वा कोठीद्वार, वैभव रावत पुत्र देवानंद रावत निवासी मौहल्ला चामड़वाला, इलफाज उर्फ सैजू पुत्र इलियाज निवासी मौहल्ला व्यापारियान और आदर्श वर्मा पुत्र सुरेन्द्र वर्मा निवासी मौहल्ला रतनपुरी थाना सादाबाद के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है।

# सीएचसी शोहरतगढ़ के डॉ0 सौरभ चतुर्वेदी बने नये अधीक्षक

वेलकम इण्डिया

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ लगातार सुर्खियों में चल रहा है। शोहरतगढ़ सीएचसी एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी के आदेश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ के अधीक्षक डा0 ए0के0 भारती बदले गये और डॉ0 सौरभ चतुर्वेदी तीसरी बार अधीक्षक बनाया गया।

आपको बता दें कि जिस डॉक्टर के ऊपर पहले से ही लगा लाखों रुपये का गबन का मामला व उनके ऊपर जांच भी चल रही है और डा0 सौरभ चतुर्वेदी का दो बार तबादला भी हो चुका है, उन्ही डॉक्टर साहब को मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिद्धार्थनगर ने तीसरी बार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ का अधीक्षक बना दिया है, सोचनीय विषय है। आखिरकार किसके इशारे पर डा0 सौरभ चतुर्वेदी को तीसरी बार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ का अधीक्षक बनाया गया है, जिनके ऊपर कई मामलों को लेकर जांच चल रही है और आशाओं द्वारा स्थानीय विधायक से डा0 सौरभ चतुर्वेदी से नशा करने व नशे की हालत में ड्यूटी करने हेतु कार्रवाई की मांग की है। यह सब बातें समझ से परे है।

कहीं ऐसा तो नहीं की वित्तीय वर्ष 2024-2025 खत्म हो रहा है और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ के खाते में लाखों रुपये पेमेन्ट के लिए आये हुए हैं और इस बजट के पैसे के लिए इतना गोलमाल किया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व डॉ0 सौरभ चतुर्वेदी का दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गये थे और वर्तमान समय में भी वह काम करने के लायक नहीं है। पूरे जिले में अकेले ही एनेस्थीसिया के डॉक्टर हैं, जबकि मेडिकल कॉलेज में ही ऑपरेशन से प्रसव का मामला बिना एनेस्थीसिया के डॉक्टर के कारण रेफर कर दिया जा रहा है। उक्त बातें सोचनीय है। अब सवाल यह उठता है कि जब पूरे जिले में अकेले ही एनेस्थीसिया के डॉक्टर हैं और वर्तमान समय में भी डा0 सौरभ चतुर्वेदी काम करने के लायक नहीं है तो उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ जैसे महत्वपूर्ण केन्द्र का अधीक्षक कैसे बना दिया गया।

जबकि उनके ऊपर कुछ आशाओं ने आरोप भी लगाया है कि यह शराब के नशे में प्रसुताओं को बेहोश करते हैं और आये दिन नशे में रहते हैं क्या इस जिले मे ऐसा कोई सीनियर डॉक्टर नहीं है जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ का अधीक्षक बन सके? अब दिलचस्प बात यह होगी कि डॉक्टर सौरभ चतुर्वेदी कितने दिनों तक यहां के अधीक्षक के पद पर रहेंगे? जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ मे व्याप्त शिकायत और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।

# वक्फ बोर्ड संपत्ति का जिक्र कर फेसबुक आईडी पर डाली पोस्ट

**कांधला।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी फेसबुक आईडी पर वक्फ बोर्ड की संपत्ति हड़पने का कई लोगों पर आरोप लगाते हुए का है कि वक्फ बोर्ड की संपत्ति हड़पने वालो ने फिर से 15 लाख रुपए की हड्डी डाली गई है। विरोधियों ने चैयरमेन के खिलाफ फिर से भोंकना बंद किए है उक्त व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी से नगर में कई तरह की चर्चा हो रही है। वक्फ बोर्ड की संपत्ति को लेकर देश भर में चर्चा हो रही है। सांसद में वक्फ बोर्ड संपत्ति को लेकर कानून पास किया गया है। रविवार को नगर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी फेसबुक आईडी पर किसी भी व्यक्ति का नाम नहीं लेते हुए लिखा है कि वक्फ बोर्ड संपत्ति डकारने वालों ने 15 लाख रुपए की हड्डी फिर डाली विरोधियों को। अब कुछ दिन से चैयरमेन के विरुद्ध भोंकना बंद किए हैं। उक्त व्यक्ति के द्वारा फेसबुक आईडी पर की गई टिप्पणी से नगर में तरह-तरह की चचाएं हो रही है। चर्चा है कि नगर में वक्फ बोर्ड की करोड़ों रुपए की संपत्ति दबा ली गई है और आवाज उठाने वालों ने सांठ गांठ करते हुए मामला दबा दिया है। नगर के कई लोगों ने अपना नाम अखबार में ना छापने की सर्त पर बताया है कि नगर में करोड़ों रुपए की संपत्ति को नगर के एक जिम्मेदार सहित अन्य लोगों ने कब्जा कर रखा है। जिनके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए।

# गन्नों से भरें ट्रक से कार पर गिरी गन्नो की गठरी



**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पर गन्ने से भरे एक ट्रक से गन्नों की गठरी कार पर गिर गई कार में सवार चालक सहित एक अन्य बाल-बाल बच गए। क्षेत्र के कई लोगों ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर गन्नो से भरे ओवरलोड ट्रकों को बंद कराने की मांग की है। थाना क्षेत्र के विभिन्न गन्ना तौल केन्द्रो से भरकर आने वाले ओवरलोड ट्रक लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। भीड़ भाड़ इलाके से गुजरने वाले गन्नो से भरे ट्रक हादसों को दावत देते हुए गुजर रहे हैं। कई बार स्थानीय लोगों ने उच्च अधिकारियों को शिकायत कर गन्नो से भरे अवरलोड ट्रकों पर लगाम लगाने की मांग की जा चुकी है मगर कोई भी सुनवाई नहीं हो रही। रविवार को क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित फाटक पर गन्ने से भरे ट्रक से एक गठरी कार पर गिर गई। कार में सवार चालक सहित एक अन्य हादसे में बाल बाल बच गया। क्षेत्र निवासी अभय, सोनू कुमार, मोनू, अमरीश, राजकुमार, संजय, अमजद आदि लोगों ने गन्नों से भरे ओवरलोड ट्रकों पर लगाम लगाने की मांग करते हुए जिला अधिकारी को पत्र भेजा है।


# पुस्तक के मार्गदर्शक से बन्दियों में होगा सुधार: जेल अधीक्षक सचिन वर्मा



**सिद्धार्थनगर।** जिला कारागार सिद्धार्थनगर में जेल अधीक्षक सचिन वर्मा द्वारा निरुद्ध 128 महिला एवं पुरुष बंदियों के सुधार एवं मानसिक विकास हेतु धार्मिक नैतिक शैक्षिक मार्गदर्शक एवं प्रेरणादायक पुस्तकों का वितरण किया गया। इस पहल का मनुष्य उद्देश्य बंदियों में सकारात्मक सोच विकसित करना, ज्ञानवर्धन करना, और उनमें नई ऊर्जा का संचार करते हुए उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में सहायता प्रदान करना है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सचिन वर्मा ने कहा किसी भी समाज की उन्नति का मापदंड यह होता है कि वह अपने सबसे कमजोर वर्गों के प्रति कितना संवेदनशील है। जेल में निरुद्ध बंदी समाज के उसी वर्ग का हिस्सा होते हैं। जो किसी न किसी कारणवश अपराध की दुनिया में चले आते हैं हालांकि उन्हें भी आत्म सुधार और पुनर्वास का अवसर मिलना चाहिए। जेल सुधार कार्यक्रमों के तहत यह एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि पुस्तकें ही व्यक्ति को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह पहला कैदियों के मानसिक और नैतिक उत्थान में सहायक होगी। इसके साथ ही बंदियों को नियमित रूप से अध्ययन करने और स्वाध्याय की आदत डालने के लिए प्रेरित किया गया ।इस दौरान जेलर राम सिंह यादव, डीप्टी जेलर अजीत चंद कौशिक, नौमी लाल वर्मा, अभिषेक पांडे, धीरज राय मौजूद रहे।

# मंडल रेल प्रबंधक ने अन्य अधिकारियों के साथ एकीकृत कमांड सेंटर में की बैठक

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** रविवार को मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ, एस.एम. शर्मा ने प्रयाग जंक्शन पर स्थित एकीकृत कमांड सेंटर में अपर मंडल रेल प्रबंधक, सचिन वर्मा तथा मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में उन्होंने यात्रियों तथा श्रद्धालुओं की आने वाली भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए कुशल यात्री एवं भीड़ प्रबंधन करने तथा विभिन्न दिशाओं की ओर चलाई जाने वाली विशेष मेला गाड़ियों के निर्बाध और समयबद्ध परिचालन के संबंध में अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए इस विषय में अपने आवश्यक दिशा निर्देश पारित किये ।मीटिंग में उन्होंने पलट प्रवाह के अंतर्गत मंडल के वाराणसी जंक्शन स्टेशन एवं अयोध्या धाम एवं अयोध्या कैंट स्टेशनों पर भी आवागमन करने वाली यात्रियों एवं दर्शनार्थियों की भारी संख्या को देखते हुए सारी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त और सुदृढ़ बनाने के संबंध में अपने सुझाव और निर्देश पारित किये। *मीटिंग के प्रमुख बिंदुः*

मंडल रेल प्रबंधक ने प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ जंक्शन, वाराणसी जंक्शन एवं अयोध्या के स्टेशनों पर अतिरिक्त आरपीएफ एवं वाणिज्य कर्मियों को ड्यूटी पर लगाने की बात कही। उन्होंने स्टेशनों के प्रवेश एवं निकास द्वारों पर सुनियोजित योजना बनाकर कार्य करने तथा यात्रियों के आवागमन को सुगम एवं आरामदायक बनाने और अतिरिक्त भीड़ का जमाव न होने देने की बात कही। बैठक में इस बात पर भी चर्चा की गई कि जब तक यात्रियों की गाड़ी प्लेटफार्म पर नहीं लगती है तब तक यात्रियों को यात्री आश्रयों में ही रखा जाए। गाड़ी प्लेटफार्म पर लगने के उपरांत अनाउंसमेंट के द्वारा यात्रियों को सूचित किया जाए तथा यात्रियों को आराम से आश्रय से लाकर उनकी गाड़ियों के प्लेटफार्म पर पहुंचाकर गाड़ी में सुरक्षित रूप से बिठाकर सकुशल रवाना कर दिया जाए, ताकि प्लेटफार्म पर अनावश्यक भीड़ न एकत्र हो। मीटिंग में स्टेशनों पर स्थित फुट ओवर ब्रिजों पर अधिक सतर्कता बरतते हुए कार्य करने तथा इनपर अनावश्यक भीड़ को एकत्र न होने की बात पर गहन चर्चा हुई तथा वृद्ध और बीमार यात्रियों का विशेष ध्यान रखने की बात हुई।

मंडल रेल प्रबंधक ने सभी विभागों को आपसी तालमेल के साथ काम करने और आपातस्थिति पर नियंत्रण करने के सभी कारगर उपायों का उपयोग करते हुए ड्यूटी करने की बात कही।

# शादी के दौरान घर के सामने वाहन खड़ा करने को लेकर मारपीट



वेलकम इण्डिया


**त्रिलोकपुर/सिद्धार्थनगर।** जनपद के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के बेवां मुस्तहकम गांव में शादी के दौरान घर के सामने वाहन खड़ा करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई।

रविवार की सुबह तीन बजे हुई घटना में जहां चार वर्षीय मासूम के साथ दो अन्य घायल हो गए, वहीं दो बाइक समेत एक बोलेरो गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित ने त्रिलोकपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के बेंवा मुस्तहकम गांव निवासी नीरज तिवारी ने थाने पर दिए शिकायती पत्र में बताया कि रविवार की सुबह करीब तीन बजे हमारे घर के सामने विपक्षी प्रदीप तिवारी ने अपनी कार खड़ा की। मना करने पर प्रदीप व उनके घर के हमारे घर में घुसकर मारपीट करने लगे। बीचबचाव में सनी व जितेंद्र को भी पीट दिया। इसी दौरान चार साल की मासूम रिया का सिर फट गया। किसी तरह से हम लोगों को जान बचाता देख विपक्षी लोगों ने दो बाइक व हमारी बोलेरो कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

# महाकुम्भ स्नान से लौट रही स्कार्पियो की कार से टक्कर बिहार की महिला श्रद्धालु की मौत

वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** महाकुम्भ गंगा स्नान के बाद कार से अयोध्या जा रहे बिहार के श्रद्धालुओं की कार शनिवार रात कोहंडौर के नरहरपुर मोड़ के पास सामने से आई गोंडा के लोगों की स्कॉर्पियो से टकरा गई।

इससे दोनों वाहन में सवार 14 श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस ने सभी को मेडिकल कॉलेज भेजा। वहां बिहार की एक महिला श्रद्धालु को मृत घोषित कर दिया गया। साथ मौजूद लोग बिना पोस्टमार्टम कराए शव लेकर चले गए। घायलों को भी प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। गोंडा के गायघाट छपही के 36 वर्षीय संजय शर्मा, 42 वर्षीय उमेश, 19 वर्षीय आकाश, 38 वर्षीय सोनी शर्मा, 34 वर्षीय संगीता, 56 वर्षीय अकाला देवी, 28 वर्षीय सुरजेश कुमार और 47 वर्षीय प्रमिला के साथ शनिवार रात स्कॉर्पियो से गंगा स्नान के लिए महाकुम्भ जा रहे थे। रात करीब साढ़े 10 बजे इनकी स्कॉर्पियो अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर कोहंडौर के नरहरपुर मोड़ के पास आगे चल रही एक गाड़ी ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रही कार से टकरा गई। कार सवारमहाकुम्भ से गंगा स्नान के बाद अयोध्या जा रहे थे। कार में बिहार लखीसराय नंदनामा के 70 वर्षीय रामाशीष सिंह, उनकी 68 वर्षीय पत्नी क्रांती देवी, 24 वर्षीय प्रणय कुमार, 40 वर्षीय शंभू कुमार, उनकी पत्नी पूनम, 40 वर्षीय जितेंद्र कुमार, 23 वर्षीय प्रवीण कुमार घायल हो गए। सूचना मिलते ही एसओ राधेश्याम फोर्स के साथ पहुंचे और सभी को उनके वाहनों से बाहर निकलवाकर एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा। हादसे के बाद हाईवे पर घटना स्थल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन हटवाकर आवागमन बहाल कराया। सीओ सिटी शिवनारायण वैश ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। उधर मेडिकल कॉलेज में बिहार की क्रांती देवी को मृत घोषित कर दिया गया। हालांकि साथ मौजूद लोग बिनापोस्टमार्टम कराए शव लेकर घर चले गए। अन्य घायलों को भी प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया।

# स्वर्गीय गुलाब सिंह की जयंती पर किया हवन यज्ञ का आयोजन

वेलकम इंडिया



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर-स्याऊ में स्वर्गीय गुलाब सिंह की जयंती के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। आर्य समाज संस्था से जुड़े अतुल भाटिया ने वैदिक रीति से हवन-यज्ञ संपन्न कराया।

यज्ञ के यजमान महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह जी रहे। हवन-यज्ञ के उपरांत सभी ने स्वर्गीय गुलाब सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यज्ञ सामूहिकता का प्रतीक है। अन्य उपासनाएं या धर्म प्रक्रियाएं ऐसी हैं जो अकेला कर या करा सकता है। पर यज्ञ ऐसा कार्य है जिसमें अधिक व्यक्तियों के सहयोग की जरूरत होती है। यज्ञ आयोजनों से सामूहिकता, सहकारिता और एकता की भावनाएं विकसित होती हैं। गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय भी विद्यार्थियों को ऐसा वातावरण प्रदान करता है जिससे उनमें भी सामूहिकता, एकता और सहकारिता की भावनाएं विकसित हो।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ साधना ने अपने संबोधन में कहा कि यज्ञ भारत की सर्वमान्य एवं प्राचीनतम वैदिक उपासना है। हमें भी अपने जीवन में यज्ञ की परंपरा से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए जिससे कि हमारा महाविद्यालय तथा हमारा समाज निरंतर प्रगति के पद पर अग्रसर होता रहे।

इस अवसर पर ग्राम बुडगरा से आए अतिथि संजय कुमार, अवनीश कुमार राठी, तथा रामकुमार के अतिरिक्त महाविद्यालय के प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा, प्रोफेसर अशोक कुमार, प्रोफेसर महीपाल सिंह, डॉ जैनुल आबिदीन, डॉ अखिलेश, डॉ प्रदीप कुमार तालान, डॉ विनोद कुमार, डॉ ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ अमित कुमार पुंडीर, सनी कुमार, डॉ राजकुमार, डॉ मीनाक्षी चौहान, मोहम्मद सलीम सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शिविर के तीसरे दिन को नशा उन्मूलन दिवस के रूप में मनाया




वेलकम इंडिया

**नूरपुर ।** देवता महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन को नशा उन्मूलन दिवस के रूप में मनाया गया

सभी स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओ ने अपने-अपने चयनित ग्राम में महिलाओं और पुरुषों को नशे से होने वाली हानियों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर समस्त स्वयंसेवक और सवयसेविकाओ ने कार्यक्रम में बढ चढ़कर भाग लिया।

समस्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ रशीद खान, कैप्टन डॉ सुनीता सिंह, डॉ अमित चौहान, डॉ राजीव कुमार, डॉ अजीत कुमार, डॉ शोभना गहलोत आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल बनाने में भूपेंद्र सिंह, मोहित कुमार, ओमप्रकाश सिंह ,महिपाल सिंह आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# शिविर के तीसरे दिन को सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता दिवस के रूप में मनाया

वेलकम इंडिया




**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर बिजनौर में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्राओ इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन को ₹सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता दिवस₹ के रुप में मनाया।

शिविर का प्रारंभ छात्र-छात्राओं ने लक्ष्य गीत गाकर किया। प्रथम पहर में छात्र-छात्राओं ने शिविर स्थल की सफाई की। उसके बाद छात्र-छात्राओं ने छात्र इकाई परियोजना अधिकारी डॉ ज्ञानेंद्र सिंह एवं छात्रा इकाई परियोजना अधिकारी डॉ मीनाक्षी चौहान के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता पर मोहल्ला सराय रफी एवं मोहल्ला विवेक नगर में एक रैली निकाली जिसको महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा जागरूकता संबंधी बैनर एवं स्लोगन के माध्यम से शिविर स्थल के निवासियों को जागृत किया। स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं ने राहगीरों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया।

दूसरे पहर में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सन्नी कुमार ने छात्र-छात्राओं से यातायात के नियमों का पालन करने एवं लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां बड़े-बड़े हादसों को रोक सकती हैं।

व्याख्यान माला के उपरांत छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी की। कार्यक्रमों को सफल बनाने में सहायक सन्नी कुमार एवं पूजा राजपूत का विशेष योगदान रहा।

# पुरस्कृत शिक्षक फोरम द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**धौलपुर।** पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान शाखा धौलपुर द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में राज्य स्तर पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों का सम्मान समारोह मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दामोदर लाल मीणा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में सीडीईओ महेश कुमार मंगल ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक वो व्यक्ति होता है जो अपने विद्यार्थी को सबसे बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराने के द्वारा हरेक के भविष्य को बनाता है।हर विद्यार्थी की शिक्षा में एक शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उन्होंने पुरस्कृत शिक्षक फोरम के सदस्यों को उनकी वाजिब मांगों को जल्द से जल्द जिला प्रशासन के माध्यम से पूर्ण करवाने का भरोसा दिलाया।सीबीईओ दामोदर लाल मीणा ने कहा कि गुरु को संसार में माता के बाद प्रथम स्थान दिया गया है, जो विद्यार्थियों को सही राह दिखाता है और हर परिस्थिति के लिए तैयार करता है। सचिव सुरेश गोस्वामी ने फोरम द्वारा किए जाने वाले कार्यों को बताया। कोषाध्यक्ष व्याख्याता भगवान सिंह मीना ने राजस्थान पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान के महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षकों के लिए किए जाने वाले कार्यों को सराहते हुए कहा कि उनके एवं फोरम के सदस्यों की सक्रियता से प्रदेशभर के शिक्षकों के लिए एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि के लाभ के संबंध में सरकार का सकारात्मक रुख काबिले तारीफ है। अध्यक्ष दयाकांत सक्सेना ने फोरम के द्वारा जनजागरुकता के कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही।इस दौरान राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान 2024 से सम्मानित शिक्षक अतुल चौहान रा.उ.मा. विद्यालय विपरपुर एवं रा. उ. प्राथमिक विद्यालय दान राजाखेड़ा के गौरव बाबू शर्मा को सम्मानित किया गया । उत्कृष्ट कार्यों हेतु फोरम के सदस्य जय सिंह सिकरवार को शोध कार्य एवं विभागीय योजनाओं में सक्रियता हेतु तथा पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रहल बाडी के कार्यवाहक संस्था प्रधान पारसराम को विद्यालय विकास हेतु फोरम की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पीड़ी अग्रवाल,सीडीईओ महेश कुमार मंगल एवं सीबीईओ दामोदर लाल मीणा ,प्रधानाचार्य नरेश कुमार जैन का भी सम्मान किया गया। फोरम के सदस्यों में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित शिक्षक सुरेंद्र सिकरवार एवं सुरेश गोस्वामी तथा राज्य पुरस्कृत शिक्षकों में राजेश कुमार उपाध्याय,अशोक कुमार कोठारी,राहुल शर्मा,मनोज कुमार शर्मा, बिजेंद्र सिंह,रविन्द्र कुमार शर्मा,सीमा तोमर एवं उत्कृष्ट कार्य हेतु बंटी तोमर,अनुपम पाराशर,सत्यपाल चाहर का माला एवं पट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

## 600 ग्राम नशीले पाउडर के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी एवं तस्करी के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को नशीला पाउडर( डायजापाम) सहित गिरफ्तार किया गया है ।जिसके कब्जे से 600 ग्राम नशीला पाउडर( डायजापाम) बरामद हुआ है ।पुलिस ने शेखर उर्फ दीना पुत्र सत्यप्रकाश निवासी चित्रगुप्त नगर आशफाबाद फाटक के पार थाना रसुलपुर जनपद फिरोजाबाद को जेल भेजा है।



# नगर पालिका अस्पताल में आँखों के निशुल्क कैंप का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर।** केडी डालमिया नेत्र चिकित्सालय रामपुर के तत्वावधान में नगर पालिका के सहयोग से रविवार को स्थानीय नगर पालिका अस्पताल में आंखों का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया। कैंप में डालमिया नेत्र चिकित्सालय से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लगभग 230 रोगियों की आँखों की निशुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया।35 रोगियों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

रविवार को केडी डालमिया नेत्र चिकित्सालय रामपुर और नगर पालिका के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय नगर पालिका अस्पताल में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम ने फीता काटकर किया।कैंप में डॉक्टर मुकेश कुमार,डॉक्टर सुरेंद्र कुमार और डॉक्टर अयाज खान आदि ने लगभग 230 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। जिसमें से 35 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर रामपुर भेज दिया गया। पालिकाध्यक्ष की ओर से रोगियों को रामपुर भेजने के लिए निशुल्क वाहन की व्यवस्था की गई।35 चयनित रोगियों का डालमिया नेत्र चिकित्सालय रामपुर में निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।इस अवसर पर नगर पालिका अस्पताल की सह-प्रबंधक शिवानी शर्मा और डॉक्टर खेमेंद्र सिंह सहित सभासद महमूद अली नायक, शफीक अहमद, नेता अफसर अली,मुल्ला मुशर्रफ,रईस अहमद, साकिब सैफी,रईस उर्फ भूरा और कारी जावेद आदि मौजूद रहे।

# ग्रापए के 30 पत्रकारों ने थामा पत्रकार प्रेस क्लब का दामन



**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी मिजार्मुराद ।** पत्रकार प्रेस क्लब की एक बैठक रविवार को जिले के चोलापुर क्षेत्र में स्थित जय श्री बाग में आयोजित की गयी।पीपीसी के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक की उपस्थिति में ग्रापए के लगभग दो दर्जन तथा सात अन्य संगठनों के पत्रकार साथियों ने पत्रकार प्रेस क्लब की सदस्यता ग्रहण की।यानी कुल 30 पत्रकारों ने रविवार को आहूत पत्रकार प्रेस क्लब की बैठक में सदस्यता ग्रहण किया।

इस दौरान उपस्थित पत्रकारों सम्बोधित करते हुए पीपीसी के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक ने कहा कि देश के चौथे स्तम्भ को मजबूत करना हम सभी का राष्ट्रीय दायित्व है और इस दायित्व को निभाने में जो भी बाधाएं आयेंगी उसे उखाड़ फेंकने की क्षमता पत्रकार प्रेस क्लब के पत्रकार साथियों में है।उन्होंने कहा कि अपने संगठन के पत्रकार साथियों के दम पर हम हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं।

इस दौरान पीपीसी के प्रदेश संगठन मंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह,पूर्वांचल अध्यक्ष प्रवीण चौबे,जिलाध्यक्ष पवन पाण्डेय ने भी विचार ब्यक्त किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू सिंह ने सदस्यता ग्रहण करने वाले पत्रकार साथियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन में एकता बनाये रखने की अपील की।इस दौरान पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक ने देवमणि त्रिपाठी को पीपीसी वाराणसी का जिला महासचिव व अमित वर्मा को वाराणसी सदर तहसील का अध्यक्ष अध्यक्ष मनोनीत किया।बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने नवनियुक्त दोनों पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।इस दौरान गिरीश त्रिपाठी,इंद्र बहादुर सिंह,राजेश वर्मा, राहुल सोनी, महेश यादव, जितेंद्र यादव,अतुल सोनी,ओंकार नाथ, जन्मेजय सिंह,सौरभ रघुवशी,सहदेव तिवारी,विशाल चौबे,देवेंद्र सिंह,अमित श्रीवास्तव, अमित चौहान,दिलीप मिश्रा,पंकज तिवारी,अंकित गुप्ता, दुर्गेश यादव,आलोक चौहान, शुभम प्रताप सिंह,औरंगजेब खान,बृजेश मिश्रा सहित तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

## बांसी माघ मेले में परोसा जा रहा बार बालाओं का अश्लील डांस, वीडियो वायरल

**बांसी/सिद्धार्थनगर।** आदर्श नृत्य कला के नाम पर माघ मेला में बार बालाओं द्वारा अश्लील नृत्य परोसा जा रहा है।बताते चले कि माघ मेला बांसी में विगत वर्ष डांस पार्टी व थियेटर चल रहा था ।कुछ दिन चलने के बाद इन कार्यक्रमों में बार बालाओं द्वारा किए जा रहे अश्लील प्रदर्शन का वीडियो वायरल होने के बाद तत्कालीन जिलाधिकारी ने एस डी एम को भेज कर दोनों कार्यक्रम को बंद करा दिया था । यही नहीं यहां अक्सर मारपीट की भी घटना होती रहती हैं।इस वर्ष जब डांस पार्टी व थियेटर का अनुमति के लिए आयोजकों ने प्रार्थना पत्र दिया तो सभी जिम्मेदार अधिकारियों ने दोनों कार्यक्रम के न किए जाने का निर्देश जारी कर दिया था।माघ मेला उद्घाटन के 18 दिन बीत जाने के बाद अचानक रविवार को थियेटर व डांस पार्टी का संचालन शुरू हो गया जिसको लेकर सभ्य समाज के लोग काफी चिंतित है।इस संबंध ने एस डी एम बांसी शशांक शेखर राय से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि तमाम नियम शर्तो के आधार पर परमिशन दिया गया है

# विंटर कार्निवल पहुंचा अपने समापन की ओर

**वेलकम इंडिया**




**मेरठ।** मेरठ ड्रीम प्रोड्यूशन एंड इवेंट सॉल्यूशन द्वारा विंटर कार्निवाल का आयोजन रामलीला मैदान, दिल्ली रोड मेरठ में किया गया है जो आप समापन की ओर बढ़ चला है इस अद्वितीय मेले का आयोजन ड्रीम प्रोडक्शन एंड इवेंट सॉल्यूशन द्वारा किया गया है, जिसमें एक न्यूज पेपर ने मीडिया पार्टनर के रूप में अहम भूमिका निभाई है जिसमें *साइकिल अगरबत्ती* के स्टाल पर अनेकों प्रकार के फ्लेयर की अगरबत्ती एवम धूपबती उपलब्ध है *महाराजा अचार* जिसकी 60 प्रकार की वैरायटी और शुद्ध घर के मसालों से बना हुआ है साथ ही स्वाद ऐसा जो एक बार खाएं खाता रह जाए बच्चों की *फैंसी स्टेशनरी एवं खिलौने* जिसमें अनेकों प्रकार की वैरायटी और बच्चों को उनकी पढ़ाई मै भी बहुत मदद करती है उनके प्रोजेक्ट बनाने ओर बहुत सी चीजें बनाने में भी बहुत सहायक है रेडीमेड गारमेंट की काफी वरायटी एवं *आर्टिफीशियल ज्वेलरी* आर्टिफिशियल ज्वेलरी की अनेकों रेंज जो देखने में काफी खूबसूरत है *किचन वेयर* घर में सब्जी इत्यादि कटिंग करने के लिए कई चीजे उपलब्ध है जिनसे कटिंग में काफी मदद मिलती है और साथ हे घर की साफ सफाई के लिए भी काफी चीजें यहां मिल जाएगी कुछ चीजें तो ऐसी हैं जो बाजार में ढूंढने पर भी नहीं मिल पाती है यहां आपको आसानी से मिल जाएगी घर के लिए प्लास्टिक की चीजों की कई प्रकार की वैरायटी भी मिल जाएगी साथ बच्चों एवं बड़ों के मनोरंजन के लिए अनेकों प्रकार के छोटे एवम बड़े झूले भी यहां पर मिलेगे जिनका आप लोग भरपूर आनंद लें सकते है जिसमें ज्वाइंट व्हील झूला कोलंबस झूला ब्रेक डांस झूला और ड्रेगन ट्रेन झूला एवं बच्चों के छोटे झूले जिन्हें देखकर बच्चे झूले बिना रह नहीं पाते है ऊंट की सवारी का तो लोग भरपूर आनंद लें रहे है लोग ऊंट पर बैठ कर पूरे मेले का आनंद लें रहे है बच्चों के लिए वाटर रोलर एवं बोट का भी भरपूर मजा ले रहे है *स्वादिष्ट व्यंजन* यहां के व्यंजनों की तो बात ही क्या जिसका स्वाद लेने लोग दूर दूर से आ रहे हैं।

# तथास्तु सेवा समिति के कार्यकर्ता पहुंचे कुष्ठ आश्रम खाने-पीने का सामान लेकर



**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** तथास्तु सेवा समिति के द्वारा रविवार को शताब्दीनगर मेरठ दिल्ली रोड स्थित कुष्ठ आश्रम में राशन सामग्री दी गई। तथास्तु सेवा समिति के अध्यक्ष गोपाल शर्मा अपनी टीम के साथ जनवरी माह में कुष्ठ आश्रम में गर्म कंबलों का वितरण करने के लिए आए थे तब कुष्ठ आश्रम में रहने वाले वृद्ध महिला पुरुषों ने गोपाल शर्मा से राशन सामग्री की इच्छा व्यक्त की थी रविवार को गोपाल शर्मा तथास्तु सेवा समिति की टीम के साथ कुष्ठ आश्रम पहुंचे तथा आटा, चावल, तेल, नमक, चीनी, दाल, मसाले, फिनायल, हार्पिक, नमकीन, बिस्कुट, रियल जूस, फ्रूटी व अन्य खाद्य सामग्री कुष्ठ आश्रम में रहने वाले लोगों को दी।कुष्ठ आश्रम में राशन सामग्री देने में तथास्तु सेवा समिति के उपसचिव गुलाब सिंह, तथास्तु सेवा समिति की कोषाध्यक्ष इन्दु भारद्वाज, अमित भारद्वाज, निहारिका गोयल, अंकित शर्मा, सिद्धार्थ, उत्तम व अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे ।



## गढ़मुक्तेश्वर पुलिस का तीर्थ नगरी ब्रजघाट में अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करने से मचा हड़कंप

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तीर्थ नगरी ब्रजघाट में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर गढ़मुक्तेश्वर पुलिस के द्वारा कार्यवाही करने को लेकर मचा हड़कंप ।आपको बता दें कि प्रशासन की अफसर शाही टीम के द्वारा मोक्षदाययनी पतित पावनी गंगा मैया में आस्था की डुबकी लगाने को लेकर दूर दराज प्रान्त से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गई थी। लेकिन अतिक्रमण करने वालों के द्वारा अतिक्रमण को नहीं हटाया गया। जिसको लेकर गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू कर दिया है। और तीर्थ नगर ब्रजघाट में परिक्रमण पर जमकर चाबूक चलाया गया। जिससे अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

# लखीमपुर में क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के अध्यक्ष महासचिव प्रभारी प्रस्तावित

**वेलकम इंडिया**



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जनपद में क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की पहली बैठक आयोजित की गई। केंद्रीय प्रमुख क्रांतिकारी संपादक माननीय अनिल दूबे आजाद जी के निर्देश पर आयोजित की गई इस बैठक में सर्वसम्मति से इरफान अंसारी को संगठन का जिलाध्यक्ष, अंशुल वर्मा को महासचिव तथा वरिष्ठ पत्रकार हरीश पांडेय को जिला प्रभारी के रूप में प्रस्तावित किया गया है।इस दौरान क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की तरफ से बहराइच जिले से संजय शुक्ल व लखनऊ टीम से मृत्युंजय चौधरी मौजूद रहे। क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के केंद्रीय प्रमुख एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल दूबे आजाद जी के निदेर्शानुसार लखीमपुर खीरी जनपद के महेवागंज कस्बे में स्थित पंचायत भवन में संगठन की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में खीरी जनपद के क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के सैकड़ों सदस्य शामिल हुए। निर्धारित समय पर पत्रकार रामनिवास गुप्ता ने बैठक का संचालन शुरू किया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की तरफ से संजय शुक्ल व लखनऊ टीम से मृत्युंजय चौधरी समेत कार्यक्रम अध्यक्ष अखिलेश रस्तोगी को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से लखीमपुर खीरी की जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चयन करते हुए इरफान अंसारी को जिलाध्यक्ष, अंशु वर्मा को महासचिव तथा वरिष्ठ पत्रकार हरीश पांडेय को जिला प्रभारी के रूप में चयनित किया गया है।

## धैर्य एवं तनाव मुक्त होकर करे परिक्षा की तैयारी : भावना राजपूत

**वेलकम इंडिया**



**नूरपुर।** बाल कल्याण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामोरूपपुर में एक्टिविटी शिक्षिका भावना राजपूत ने सीबीएसई बोर्ड व यूपी बोर्ड परीक्षार्थियों को परीक्षा में बच्चों को तनाव मुक्त होकर संयम और एकाग्रता से परीक्षा देने के लिए कहा है।

नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव सुनगढ़ निवासी गाँव रामोरूपपुर स्थित विद्यालय की एक्टिविटी शिक्षिका भावना राजपूत ने इसके विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि विद्यार्थियों को परीक्षा अपने ज्ञान का आकलन करने का एक माध्यम है, इसे बोझ नहीं अवसर समझें।सफलता की कुंजी मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास से परीक्षा दें। इन्हें हमेशा अपने साथ रखें। तनाव मत लीजिए, बल्कि पूरे विश्वास के साथ अपनी तैयारी को अंतिम रूप दीजिए। सफलता कोई अंत नहीं, बल्कि सीखने का एक नया अवसर होती है। बोर्ड परीक्षा में केवल वही आएगा जो आपने सीखा है, इसलिए खुद पर भरोसा रखें। नियमित अभ्यास और अनुशासन ही सफलता की सबसे बड़ी सीढ़ी है। मन को शांत रखें, सकारात्मक सोचें और पूरे आत्मविश्वास से परीक्षा दें। किसी भी कठिन प्रश्न को देखकर घबराने की बजाय, उसे ध्यान से पढ़ें और उत्तर खोजें। अच्छे अंक आने महत्वपूर्ण हैं, लेकिन ज्ञान और समझ उससे भी अधिक जरूरी हैं। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, केवल परिश्रम ही आपका सच्चा साथी है।

# कबीर साहित्य परिषद -भारत ने किया विशाल कवि सम्मेलन व पुस्तक विमोचन.डा.नरेश सागर

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़ कबीर साहित्य परिषद -भारत के बैनर तले ग्राम चितोली के कबीर हेरिटेज होटल में कबीर साहित्य परिषद -भारत के बैनर तले करीब पचास लोगों ने काव्य पाठ किया जिसमें युवा कवि सचिन सागर जो ग्राम असौड़ा के रहने वाले की किताब मेरे महबूब का विमोचन किया गया जिसकी समीक्षा दिल्ली से आए वरिष्ठ कवि डा.अशोक सम्राट जी ने की किताब की भूमिका संस्था के संस्थापक डा.नरेश सागर ने लिखी है कार्यक्रम के प्रथम सत्र में किताब का विमोचन व पत्रिकारो का सम्मान किया गया जिसमें उनको तिरंगा पटके के साथ डा.भीमराव अम्बेडकर रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिसमें करीब बीस पत्रकारों का सम्मान किया इस सत्र की अध्यक्षता अवनीश त्यागी जी ,मुख्य अतिथि बबलू त्यागी, विशिष्ट अतिथि कवि इंद्रजीत सुकुमार तथा आशीर्वाद बुद्ध भिक्षु डा.एल.अश्वघोष जी ने दिया। बहुत ही मजबूत संचालन युवा कवि राजकुमार हिंदुस्तानी जी ने किया। दूसरे सत्र की अध्यक्षता डा.अशोक सम्राट जी व मुख्य अतिथि कवियत्री सारिका मेहता जी रही साझा मंच संचालन डा.जितेंद्र कुमार 'जीत' व दिल्ली से आये रामश्याम हसीन जी ने किया। संस्था के संस्थापक जनकवि/ बेखौफ शायर डा.सागर ने कहा कि.अभी हमारी संस्था को मात्र ढाई महीना हुआ है और ये इसका आठवां बड़ा कवि सम्मेलन है, हमारी ये संस्था नवांकुर कलमकारों के साथ हाशिए पर खड़ी प्रतिभाओं को निष्पक्ष भाव से आमंत्रित करती है। डा.सागर ने कहा कि हमारी संस्था चापलूसी, पूंजीपति के पथ पर काम नहीं करती आज जो हमने किया ऐसा अब से पहले किसी ने नहीं किया होगा आज बुद्ध वंदना, सरस्वती वंदना,नाते पाक व कबीर वंदना की गई चार वंदना आज तक किसी मंच से आपने नहीं देखा होगा क्योंकि हम देश में कविताओं के माध्यम से समता और समरसता की भावनाओं को भी जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।डा. सागर ने आगे कहा कि हमनें ये कार्यक्रम बिना किसी सहयोग और बिना चंदा उगाए किया है अपनी रचना के माध्यम से उन्होंने उन मंचों और मंचों के हुक्मरानों को ललकारते हुए कहा कि.चंदा कभी खाया नहीं, उघाया नहीं गया।



# निर्माणधीन पानी की टंकी की स्टेरिंग गिर जाने से आठ मजदूर घायल

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** थाना मुरादनगर क्षेत्र स्थित गांव उखलारसी के शमशान घाट के अंदर निमार्णाधीन पानी की टंकी की स्टेरिंग गिर जाने के कारण वहां काम कर रहे मजदूर दब गए। जिनमें से 8 लोगों को निकाल कर घायल अवस्था में अस्पताल भेजा गया। एक मजदूर की हालत गंभीर बताई गई है।

जानकारी के अनुसार नगर में उखलारसी श्मशान घाट परिसर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। टंकी का निर्माण लगभग 8 माह पूर्व शुरू हुआ था। रविवार की सुबह अचानक टंकी में लगी हुई स्टेरिंग गिर गई, जिसके कारण वहां काम कर रहे मजदूर दब गए। सूचना मिलते ही पुलिस व क्षेत्र के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य प्रारंभ किया। पुलिस ने 8 लोगों को निकाल कर घायल अवस्था में अस्पताल भेजा गया। जबकि एक की हालत गंभीर बतायी गयी है। उल्लेखनीय है कि लगभग 4 वर्ष पूर्व इसी शमशान घाट परिसर में नगर पालिका परिषद द्वारा बनवाए गए गैलरी का लेटर गिर जाने से 25 लोगों की मृत्यु हो गई थी और इतने ही लोग पूरी तरह से अपंग हो गए थे, जो आज तक भी काम करने लायक नहीं है। लेकिन लगता है कि प्रशासन ने पूर्व में हुए इतने बड़े हादसे से कोई सबक नहीं लिया और रविवार की सुबह फिर से हादसा हो गया। हादसे में घायल सत्येंद्र पुत्र पन्नालाल, विरेश पुत्र मान सिंह, राहुल पुत्र मुन्नालाल, आदेश पुत्र रामशरण, सूरजपाल पुत्र रामशरण, विनोद पुत्र नार पाल, दिनेश पुत्र मोहनलाल, रिंकू पुत्र ओम शरण बदायूं व बरेली निवासी बताये गये हैं। कुल 14 लोग मौके पर काम कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने श्मशान घाट में बन रही पानी की टंकी के निर्माण का विरोध किया। उनका कहना है कि शमशान घाट में पानी की टंकी का निर्माण उचित नहीं है, शमशान घाट की भूमि पहले ही कम है, साथ ही चार वर्ष पूर्व हुए हादसे का मलवा भी ऐसे ही पड़ा हुआ है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि उखलारसी के श्मशान घाट के अंदर निमार्णाधीन पानी की टंकी की स्टैरिंग गिर जाने से कुछ लोग दब गए हैं। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। वहां पर कार्यरत कुल 14 मजदूरों में से घायल सभी 08 मजदूरों को निकालकर सीएचसी अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों द्वारा उन्हें संजय नगर अस्पताल रेफर किया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा एक हेड इंजरी होने की वजह से गंभीर हालत बताई जा रही है। बाकी सब खतरे से बाहर है। निमार्णाधीन पानी की टंकी के बारे में और भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## टक्कर का विरोध करने पर ई-रिक्शा चालक पर हमला

**गाजियाबाद।** नगर कोतवाली क्षेत्र में टक्कर का विरोध करने पर कार सवार ने ई-रिक्शा चालक पर हमला कर दिया। हमले में सिर फटने से चालक लहूलुहान हो गया। लोगों के इकट्ठा होने पर आरोपी मौके से चला गया। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी कार सवार के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। डासना गेट के सुक्खीमल मोहल्ले में रहने वाले मोहम्मद यासीन का कहना है कि वह ई-रिक्शा चलाकर अपनी गुजर बसर करते हैं। बीती 14 फरवरी की रात करीब नौ बजे वह रमतेराम रोड से डासना गेट की सवारी लेकर जा रहे थे। इसी दौरान एक कार ने पीछे से ई-रिक्शा में टक्कर मार दी, जिसके चलते वह सड़क पर गिर गए और सवारी को भी झटका लगा। आरोप है कि विरोध करने पर गलती मानने की बजाय कार चालक उल्टा उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगा। मारपीट में उनके पैर और सिर में गंभीर चोट आई।

# रालोद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी का गांव चित्तौड़ा में किया भव्य स्वागत



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** मुरादनगर गांव चित्तौड़ा में राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी का चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह व चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सभी ने रामपाल चौधरी को माला व पटका पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि रामपाल चौधरी एक कर्मठ और समर्पित व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब ने यह जिम्मेदारी सोच-समझकर सौंपी है, और वे निश्चित रूप से पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है, वे इसे पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को सशक्त करने का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलावर सिंह ने की और संचालन प्रदीप मुखिया ने किया।इस अवसर पर क्षेत्रीय महासचिव बिट्टू खंजरपुर, ऋषिपाल सिंह, इंद्रपाल सिंह (डायरेक्टर), आनंद सिंह, मास्टर योगेंद्र सिंह, समरजीत सिंह, आसिंदर उपाध्याय, मोहित गौतम, नितिन कुमार, राहुल तंवर, विनीत कुमार, भारत सिंह, समीर चौधरी, नवीन कुमार, शेखर सिंह, संसार सिंह, जितेंद्र सिंह, महक सिंह, सुशील कुमार, राम कुमार सिंह, जोगिंदर सिंह, नरेश कुमार, मुकरजीत, उमेश कुमार, संजीव कुमार, ठाकुर गोपीचंद, कृष्ण पाल सिंह आदि रहे।

## किसान यूनियन (किसान सभा) ने धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) द्वारा अपर गंगनहर बाईपास पर किसानों ने नहरवाई के अधिकारियों द्वारा नहर के किनारे जलाई जा रही पराली जिससे प्रदूषण बढ़ रहा है और एनजीटी के आदेशों की सीधी सीधी अवहेलना नहरवाई के अधिकारी कर रहे हैं नहर के किनारे आग लगने से वहां मौजूद जीव जंतु मृत्यु की भेंट चढ़ रहे हैं चिड़ियों के घोंसले जल जाते हैं जिसमें जीव जंतुओं की हत्या नहरवाई के अधिकारियों द्वारा की जा रही है और गाजियाबाद जिले में प्रदूषण की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है जिसकी रोकथाम के लिए आज जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन दिया गया है यदि इस कृत्य को नहीं रोका गया तो भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर सत्येंद्र त्यागी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष देवव्रत धामा, युवा प्रदेश अध्यक्ष विनीत त्यागी सौंदा, जिला अध्यक्ष अरुण कसाना, पश्चिम प्रदेश महासचिव युवा गौरव त्यागी, मंडल प्रभारी हैपी त्यागी, जिला प्रभारी रोहित त्यागी, मीडिया प्रभारी फिरोज खान, जिला उपाध्यक्ष युवा इरफान ठेकेदार, ब्लाक अध्यक्ष शैंकी त्यागी, युवा नगर अध्यक्ष हसीब खान, प्रदेश कोषाध्यक्ष युवा रिंकू त्यागी, गौरव शर्मा तहसील अध्यक्ष युवा आदि क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में स्वच्छता के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज, मोदीनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ए एवं इकाई 'डी' द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित था। जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना था। शिविर की शुरूआत एनएसएस इकाई ए की समन्वयक डॉ. आकांक्षा सरस्वत के व्याख्यान से हुई। जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने यह समझाया कि स्वच्छता न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमारे आस-पास के पर्यावरण को भी स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में सहायक है। उन्होंने छात्रों को दैनिक जीवन में स्वच्छता के उपाय अपनाने, जैसे नियमित रूप से हाथ धोना, साफ-सुथरे कपड़े पहनना और कचरे का उचित निपटान करने की आदतें विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद, एनएसएस इकाई डी की समन्वयक सुश्री ऐश्वर्या ने छात्रों को स्वच्छता और सफाई के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे स्वच्छता की कमी संक्रामक रोगों के फैलाव का कारण बन सकती है और इन्हें स्वच्छता के सरल उपायों से रोका जा सकता है। व्याख्यान सत्र के बाद, छात्रों ने कॉलेज परिसर के बगीचे क्षेत्र की सफाई में सक्रिय भाग लिया। इस गतिविधि के माध्यम से उन्हें न केवल स्वच्छता का व्यावहारिक अनुभव मिला, बल्कि टीमवर्क और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित हुई। स्वच्छता अभियान के दौरान यह भी बताया गया कि पौधे न केवल वातावरण को हरा-भरा बनाते हैं, बल्कि हवा को स्वच्छ और शुद्ध रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर में सुश्री मंजू कन्नौजिया, सुश्री शालू देवी, डॉ. सारिका गर्ग, मधुलिका, ज्योति, अवनी, फरहा, शिवानी, यास्मीन, अनीता कौशिक आदि शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

## रालोद कार्यकर्ताओं ने समस्याओं से संबंधित ज्ञापन डीएम को सौंपा



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी के कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा से मुलाकात की उन्हें समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल ने मोदी शुगर मिल पर गन्ने का बकाया भुगतान शीघ्र कराने, अंश निर्धारण, आम पट्टी निवाड़ी पतला में आम के किसानों के लिए उधान विभाग द्वारा किसानों को आम की फसल के बारे में जानकारी दिए जाने, मोदीनगर तहसील परिसर में भी किसान दिवस का आयोजन किए जाने मांग की ताकि किसानों को लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालो में युवा जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह, वरिष्ठ नेता सतेंद्र तोमर, अरुण दहिया, रामभरोसे लाल मौर्य, अजीत खंजरपुर, आशीष नरेश, टोनी खंजरपुर, उम्मेद काजमपुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# एनवायरमेंट क्लब ने शेरपुर गाँव में लगायी जल चौपाल

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** एनवायरमेंट क्लब गाज़ियाबाद द्वारा गाँव शेरपुर ब्लॉक भोजपुर में पानी की बात मुहिम के तहत जल चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। क्लब संस्थापक सावन कनौजिया ने जल चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे स्वार्थ के कारण जल का स्तर लगातार कम होता जा रहा है। चूंकि अब धरती में जल भेजने के प्राकृतिक स्त्रोत जैसे तालाब, जोहड़, पोखर, कुएँ आदि भी समाप्त होते जा रहे हैं। इसलिए जल संकट आने वाले समय में और गहराएगा। दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई आदि बड़े शहरों में पानी की समाप्ति यह हम सभी के लिए खतरे की घंटी है। दैनिक गतिविधियों में जल संरक्षण को एक आदत बनाने से ही जल को बचाया जा सकता है। ग्रामीणों को समझाया गया कि अपने गाँव के तालाबों को गंदा ना करें। दैनिक गतिविधि जैसे नहाने, कपड़े धोने, सब्जी बनाने, बच्चों को नहलाने अथवा अपनी गाड़ी धोने में खुल्ले पाइप के बजाए एक बर्तन में पानी लेकर उसका इस्तेमाल करें क्योंकि खुल्ले पाइप से कई हजारों लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। जल चौपाल में मौजूद रहे गाँव के बच्चों को जल मित्र की उपाधि देकर उन्हें जल संरक्षण की सीख दी गई, ये बच्चे अब अपने आसपास गांव या स्कूल में बहते हुए नलों को बंद करेंगे व अन्य लोगों को भी जल संरक्षण की शिक्षा देने में अहम भूमिका निभाएंगे। जल चौपाल के समापन पर सभी ने जल की प्रत्येक बूँद को बचाने की शपथ भी ली। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ अमित सिंह, मनीष राठौर, उत्कर्ष, मयंक, मोहित, वंदना, जोया, निधि, अकर्शिता, शिवांगी, दीपक, लक्ष्य, शिवेश, आंचल, अन्नू, शुभम आदि उपस्थित रहे।

## अयोध्या में श्रद्धालुओं पर बर्बरता, मीडिया कर्मी पर हमला आस्था की नगरी में प्रशासन मौन



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में आस्था को शर्मसार करने वाली घटना घटी। राम पथ रोड, अमानीगंज मान अवध के संचालक और कर्मचारियों ने दिल्ली से आए श्रद्धालुओं के साथ बेरहमी से मारपीट की। मौके पर मौजूद जनता मूकदर्शक बनी रही, लेकिन एक अकेले मीडिया कर्मी ने अपनी जान की परवाह किए बिना श्रद्धालुओं को बचाने के लिए आगे बढ़कर इंसानियत का परिचय दिया।

मीडिया कर्मी ने जब इस घटना को कवर करने और श्रद्धालुओं को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उन्हें धमकाया और कर्तव्य निर्वहन से रोकने की कोशिश की। इतना ही नहीं, मीडिया कर्मी को खुलेआम धमकी दी गई कि, ₹तुमसे बाद में निपटूँगा, कोई मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता।₹

अराजकता और लूट का अड्डा बनती अयोध्या: श्रद्धालुओं से अवैध वसूली और मनमाने शुल्क वसूले जा रहे हैं। विरोध करने वालों के साथ मारपीट आम बात हो गई है। पत्रकारों को डराया-धमकाया जा रहा है ताकि सच सामने न आ सके। पत्रकारिता जगत की माँग: दोषियों की पहचान कर तत्काल कठोर कानूनी कार्रवाई हो। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सेवाओं के शुल्क सार्वजनिक किए जाएँ। पत्रकारों पर हमले की जाँच कर संबंधित अपराधियों को दंडित किया जाए। यह घटना न सिर्फ प्रशासन की विफलता है, बल्कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर भी गहरा प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। पत्रकार और आमजन की सुरक्षा के लिए तुरंत ठोस कदम उठाना अनिवार्य है।

# जाट महासभा ने संगठन विस्तार को लेकर समीक्षा बैठक का किया किया आयोजन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** मेरठ में रोहटा रोड पर राष्ट्रीय जाट महासभा भारत की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा, प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अजय प्रमुख, क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण मलिक, प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश संजीव शेखर, युवा पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष मोहित मलिक, प्रदेश महासचिव सोनवीर खुटैल, मंडल अध्यक्ष युवा सागर तेवतिया, दिल्ली युवा प्रदेश अध्यक्ष शुभम जावला, युवा जिला अध्यक्ष गाजियाबाद तरुण राज तेवतिया, सभी पदाधिकारी ने संगठन विस्तार के बारे में समीक्षा की। बैठक में गोवर्धन मथुरा में महाराजा सूरजमल जी द्वारा स्थापित की गई तालाब और बगीचे में छतरियां और महल पर हो रही जाट समाज की धरोहर पर अवैध कब्जा करने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ उनको हटाने की रणनीति बनाई गई। 23 फरवरी को होगी जाट समाज की कूच गोवर्धन मथुरा के लिए क्या जाएगा।गाजियाबाद से भाई सुधीर चौधरी बाहुबली को गाजियाबाद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा गौरव निर्मल को शामली का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

जाट समाज केंद्र में आरक्षण के लिए एक रणनीति तैयार कर बहुत ही जल्द एक महापंचायत करेगा।

# श्रद्धालुओं की सेवा,ईश्वर की सेवा से कम नहीं-शिवेंद्र सिंह

वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** महाकुंभ से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में उतरे ब्लॉक प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष।अयोध्या।महाकुंभ से पुण्य कमा कर लौट रहे श्रद्धालुओं की सेवा में उतरे भाजपा और संघ परिवार के पदाधिकारी।ब्लॉक प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह की अगुवाई तथा राष्ट्रीय सेवक संघ पदाधिकारी गंगा जी व अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के दिशा निर्देशन में बड़ी तादाद में प्रयागराज से लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए किया गया वृहद भंडारे का आयोजन।अयोध्या-अंबेडकर नगर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पूरा बाजार पेट्रोल पंप तथा गंगौली चौराहा स्थित पेट्रोल पंप पर किया गया वृहद भंडारे का आयोजन।आयोजन की शुरूआत से ही दोनों भंडारा स्थलों पर लगातार लगी है श्रद्धालुओं की भारी भीड़।श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित कर भोजन उपलब्ध कराने में लगे ब्लॉक प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष के वालंटियर्स।भंडारे में शुरू कराने के बाद ब्लॉक प्रमुख से जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह का बयान,देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में हुआ है सराहनीय महाकुंभ का आयोजन।महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की सेवा करना किसी पुण्य कार्य से कम नहीं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से शुरू किया गया है श्रद्धालुओं को भोजन उपलब्ध कराने के लिए वृहद भंडारे का आयोजन। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को व्यवस्थित कराने में हो रही है थोड़ी समस्याएं जिसके लिए किए गए हैं पुख्ता इंतजाम।भीड़ के अंतिम श्रद्धालु को भोजन उपलब्ध करने तक निरंतर जारी रहेगा दोनों स्थानों पर वृहद भंडारा।



# बोलीदार बोली लगाकर खरीदें अपनी पसंद जीडीए की संपत्ति

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** जीडीए की सोमवार संपत्ति खरीदने का मौका है। बोलीदार बोली लगाकर अपनी पसंद की संपत्ति खरीद सकेंगे। इसमें आवासीय, व्यावसायिक समेत लीज पर दी जाने वाली संपत्तियां शामिल की गई हैं। जीडीए की विभिन्न योजनाओं में आवासीय, व्यावसायिक व औद्योगिक 230 से अधिक भूखंड रिक्त हैं, जिसे बेचने की तैयार है। इसमें प्राधिकरण ने इंदिरापुरम में 28 व्यावसायिक, 19 आवासीय, 17 दुकान समेत अन्य भूखंड शामिल किए हैं। साथ ही सूर्यनगर, ब्रिज विहार, वैशाली, कोयल एन्क्लेव में भी 30 से अधिक आवासीय, व्यावसायिक और दुकानों के भूखंड हैं। इनके अलावा अन्य योजनाओं में भी रिक्त पड़े भूखंडों को नीलामी प्रक्रिया में शामिल किए है, जिन्हें खरीदने के लिए बोलीदार बोली लगाकर खरीद सकते हैं। इसकी पूरी तैयारी प्राधिकरण ने कर ली है।




सोमवार सुबह बोलीदारों को हिंदी भवन पहुंचकर इस नीलामी में शामिल होना होगा। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि इस साल यह पहली बार नीलामी की जा रही है। इसमें अधिक से अधिक संपत्ति बिकने की उम्मीद है। इंदिरापुरम, सूर्यनगर, ब्रिज विहार, तुलसी निकेतन, यूपी बार्डर, मधुबन बापूधाम, कोयल एन्क्लेव, वैशाली, कपूरीपुरम, स्वर्णजयंतीपुरम, प्रताप विहार, पटेलनगर, आंबेडकर रोड आदि योजनाओं में भूखंड रिक्त पड़े हैं। जीडीए अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया इस बार नीलामी में कई सामुदायिक केंद्र और आरडीसी में स्थित दस क्योस्क भी लीज पर देने के लिए शामिल किए है। इन्हें दस साल के लिए लीज पर दिया जाएगा। इसके लिए इच्छुक बोलीदारों को इन्हें लीज पर लेने के लिए बोली लगानी होगी। जीडीए के भूखंड खरीदने का अच्छा मौका है। यह संपत्ति विभिन्न योजना में मौजूद है। इच्छुक लोग बोली लगाकर इन्हें खरीद सकते हैं।

# दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसे पर आरएलडी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने प्रशासन को घेरा

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माइनॉरिटी सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे को लेकर गहरा दुख व्यक्त किया और प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे केंद्र की हो या प्रदेश की, जब गैर-जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही सामने आती है, तो सरकार को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। शनिवार को दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अचानक बढ़ी भीड़ और अव्यवस्था को देखते हुए अधिकारियों को तुरंत हाईकमान को सूचित करना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन के पास सभी संसाधन उपलब्ध हैं, तो भीड़ नियंत्रण में लापरवाही क्यों बरती गई? ऐसे हादसों को रोकने के लिए अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी और मानवता को सर्वोपरि रखना चाहिए। सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि हादसे के बाद मुआवजे की घोषणा करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। केवल ट्रांसफर कर देना हल नहीं है, बल्कि ऐसी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे अन्य अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लें और किसी भी संभावित हादसे को रोकने के लिए सतर्क रहें। उन्होंने मांग की कि ड्यूटी पर तैनात अधिकारी अगर किसी बड़े हादसे को रोकने में नाकाम रहते हैं, तो उनके खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जो मिसाल बने। उन्होंने परमात्मा से प्रार्थना की कि भविष्य में ऐसी कोई दुखद घटना न हो और प्रशासन अपने कर्तव्यों को समझते हुए मानवता को सर्वोपरि रखे।

# जयकुमार गुप्ता सर्वसम्मति बने रामलीला समिति राजनगर (रजी.) के अध्यक्ष



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** रामलीला समिति राजनगर (रजी.) की वार्षिक आम सभा आज रामलीला मैदान राजनगर में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर समिति के सैंकड़ों सदस्यों, स्थानीय निवासियों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभा में समिति के संरक्षक एवं पूर्व विधायक जीतेन्द्र यादव ने आम सभा की अध्यक्षता की। मंच पर संरक्षक श्री नरेश कुमार सिंघल, निवर्तमान अध्यक्ष जय कुमार गुप्ता, सचिव आर एन पाण्डेय, कोषाध्यक्ष राजीव मोहन सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे!

अध्यक्ष जय कुमार गुप्ता ने गत वर्ष की गतिविधियों और उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जहां निष्ठावान, कर्तव्यनिष्ठ, परिश्रमी, पुरुषार्थी और कर्मठ सदस्य होंगे वहां समिति की सफलता निश्चित ही होती है। उन्होंने पिछले वर्ष में रामलीला को भव्य, रोचक और डिजिटल विस्तार के लिए क्या क्या कदम उठाए है उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभा में आम चुनाव के चलते नई समिति के गठन के लिए संरक्षक जितेंद्र यादव द्वारा आह्वान किया। उपस्थित सदस्यों ने बहुमत से पूर्व अध्यक्ष जय कुमार आदि।

## मन चंगा तो कठौती में गंगा'

# अगर किसी व्यक्ति का मन शुद्ध है और उसकी नीयत अच्छी है, तो उसका हर काम गंगा के समान पवित्र है: बीके शर्मा हनुमान

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि ऐसा कहा जाता है यदि मन शुद्ध हो तो भगवान का दर्शन तत्काल हो सकता है। लोग काफी पूजा-पाठ, अनुष्ठान, दान आदि करते हैं मगर प्रभु के दर्शन नहीं होते इसका कारण यही है कि उनका मन शुद्ध नहीं होता है। यह कहावत का भी यही अर्थ है कि अगर मन साफ है तो घर ही एक तीर्थ स्थान बन जाता है फिर गंगा नहाने या कोई तीर्थ स्थान जाने की कोई आवश्यकता नहीं। हनुमान मंगलमय परिवार/ परमार्थ सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन वीके अग्रवाल के तत्वाधान में एम, एस, टी कनौजा के डी फार्म हाउस में बने स्विमिंग पूल में प्रयागराज तीर्थ से लाया गया जल, 11 किलो गुलाब की पंखुड़ियां, 1 लीटर गुलाब जल, जल में डालकर महाकुंभ प्रेमियों को स्नान कराया स्नान करते समय वेद



विद्यालयों के छात्रो द्वारा मंत्रों ध्वनि एवं पुष्प वर्षा की जा रही थी मानो की ऐसा लग रहा था कि स्वर्ग में स्नान हो रहा हो तत्पश्चात वहीं पर भोजन प्रसाद ग्रहण करके वापस अपने गंतव्य को पहुंचे सभी ने हनुमान मंगलमय परिवार ट्रस्ट/ परमार्थ सेवा ट्रस्ट के चयरमैन वीके अग्रवाल का आभार जताया इस अवसर पर वी के अग्रवाल डॉ बीके शर्मा हनुमान शिवकुमार शर्मा डॉक्टर हरीश शर्मा सीएमओ डॉ नीरज गर्ग देवेंद्र अधिकारी अशोक अग्रवाल आटे वाले हेमंत कंसल डीके मित्तल वी के सिंगल ज्ञान प्रकाश गोयल किरण शर्मा, गौरव गोयल, जितेंद्र भटनागर, रितेश भटनागर बॉबी मौजूद थे।

# वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दिनांक 16 फरवरी 2024 दिन रविवार को राष्ट्रीय व्यापार मंडल पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष, सह संयोजक वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ भाजपा महानगर गाजियाबाद पंडित अशोक भारतीय ने भाजपा नेता प्रदेश महामंत्री सौरभ यादव व रास्ट्रिय सलाहकार रितेश शर्मा आदि के साथ गाजियाबाद के यशस्वी सांसद उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री दिल्ली के विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी, चंडीगढ़ प्रभारी श्रीमान अतुल गर्ग उनके निवास स्थान केडी-14 कवि नगर पर शिष्टाचार मुलाकात की तथा दिल्ली में प्रचंड जीत पर उनके सहयोग को भाजपा के लिए अमूल्य बताते हुए उनका साधुवाद किया तथा पटका पहनाकर सम्मानित किया इस अवसर पर सांसद श्रीमान अतुल गर्ग ने इस जीत को दिल्ली की जनता की जीत और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मान नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जीत बताते हुए जनता को समर्पित किया।

# मुरादनगर में टंकी की शटरिंग गिरने से हादसा, 2021 की त्रासदी की दिलाई याद, आठ घायल

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** मुरादनगर की उखालरसी कॉलोनी में बंबा मार्ग स्थित शमशान घाट पर रविवार को हुई घटना ने एक बार फिर 2021 के भयावह हादसे की याद ताजा कर दी। जनवरी 2021 में इसी शमशान घाट की गैलरी की छत गिरने से 25 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 24 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस दर्दनाक हादसे में कई लोग ताउम्र के लिए दिव्यांग हो गए थे। उस समय नगर पालिका मुरादनगर द्वारा कराए गए निर्माण की खामियों को हादसे का कारण बताया गया था। रविवार को हुई नई घटना ने एक बार फिर वहां की सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासन की जिम्मेदारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मुरादनगर में नगर पालिका द्वारा बनाई जा रही टंकी की शटरिंग गिरने से हुए हादसे पर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सख्त रुख अपनाया है। घटना के तुरंत बाद जिलाधिकारी ने एक जांच कमेटी का गठन किया है, जो मामले की गहन जांच कर अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपेगी। इस हादसे ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को लेकर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। उस हादसे को कई साल बीत गए हैं। मगर, उनमें कई ऐसे हैं जिन्हें आज



तक सरकारी घोषणा के मुताबिक मदद नहीं मिल पाई। उस हादसे में कई घायल दिव्यांग बन गए हैं। लेकिन सरकारी मदद और सरकारी योजनाओं में मिलने वाले लाभ से आज तक वंचित हैं। इस मामले में पीड़ित परिवारों को केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से 12-12 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया और परिवार के एक सदस्य को नौकरी व आवास देने का वादा भी किया गया था, लेकिन सरकारी नौकरी व आवास पीड़ित परिवारों को अब तक नहीं मिले हैं। मुरादनगर में नगर पालिका द्वारा बनाई जा रही टंकी की सेटरिंग गिरने से हुए हादसे पर जिलाधिकारी ने सख्त रवैया अपनाया है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने तत्काल में एक जांच कमेटी का गठन किया है जो कि अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपेगी। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आ गया और बचाव कार्य के अलावा तुरंत ही एक जांच कमेटी का गठन किया गया है जिसका नेतृत्व एडीएम एल ए करेंगे जबकि कमेटी में पीडब्ल्यूडी एवं अन्य विभागों के अधिकारी होंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अखिलेश मोहन ने बताया कि इस हादसे में कुल आठ व्यक्ति घायल हुए हैं जिसमें से सात की हालत स्थिर है जबकि एक घायल गंभीर रूप से चोटिल हुआ है संभवत उसे हायर सेंटर में रेफर किया जाएगा लेकिन अभी उसकी हालत स्थिर करने का प्रयास जारी है।

# केस वापस नहीं लेने पर पीड़ित को दी धमकी

**गाजियाबाद।** मेरठ रोड स्थित न्यू आर्य नगर में रहने वाले पवन चौधरी का कहना है कि कारतीरपुर गुरुग्राम निवासी राजकुमार गोयल से उनका एनआई एक्ट का मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। 24 जनवरी को वह और राजकुमार गोयल अपने-अपने वकीलों के साथ कोर्ट में तारीख पर मौजूद थे। दोपहर करीब दो बजे राजकुमार गोयल और उनके पुत्र अंकित गोयल के बीच समझौता वार्ता चल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी पिता-पुत्र ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। साथ ही धमकी दी कि वह उनके पैसे नहीं लौटाएंगे। जो करना हो कर लेना। आरोपियों ने केस वापस न लेने पर उन्हें कोर्ट से घर तक नहीं पहुंचने देने की धमकी की।

# कृष्णचन्द्र गान्धी स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय कृष्ण चंद्र गांधी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, माधव कुञ्ज मथुरा में शिशु मंदिर योजना के जनक स्वर्गीय कृष्ण चंद्र गान्धी जी की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ स्वर्गीय कृष्णचंद्र गान्धी जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर विद्यालय के प्रबंधक समीर बंसल, सदस्य सुधान्शु खण्डेलवाल तथा प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में 43 विद्यालयों के 483 छात्र - छात्रओं ने



सहभागिता की। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने कहा स्व० कृष्ण चंद्र गान्धी बाल स्वयंसेवक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक, शिशु मंदिर योजना के जनक, त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने शिशु मंदिर की स्थापना कर भारतीय संस्कृति को जन-जन में पहुंचाने का प्रयास किया हैं। उन्हीं के प्रयास से विद्या मंदिरों में देश के नौनिहालों को भारतीय संस्कृति के अनुकुल शिक्षा एवं संस्कार प्राप्त हो रहे। प्रतियोगिता के संयोजक प्रवक्ता लोकेश अग्रवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान से संबंधित 450 प्रश्नों का एक सेट छात्रों को आनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराया गया था। इसी प्रश्न बैंक से छात्रों से प्रश्न पूछे गए। इस प्रतियोगिता में 43 विद्यालयों के 483 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया इस प्रतियोगिता का परीक्षा परिणाम दिनांक 17 फरवरी को दोपहर 12 बजे विद्यालय के सूचना पट पर चस्पा कर दिया जाएगा एवं व्हाट्सएप ग्रुप पर भी उपलब्ध रहेगा। इस प्रतियोगिता में वर्गशः विजेता प्रतिभागियों को ससम्मान, पुरूस्कृत किया जायेगा तथा प्रत्येक विद्यालय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता को प्रशस्ति पत्र देकर पुरूस्कृत किया जाएगा। विद्यालय के प्रबंधक समीर बंसल व सदस्य सुधान्शु खण्डेलवाल ने छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाऐं दीं।

# ग्रीन हाइड्रो एरा से बदलेगी दुनिया की सूरत-सीरत

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** ग्रीन हाइड्रो एनर्जी का जीरो कार्बन एनर्जी जनरेशन के लक्ष्य में अनमोल योगदान है। ऐसे में यदि यह कहें, हाइड्रोजन एनर्जी भविष्य का ईंधन है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। वैश्विक स्तर पर मात्र 06 प्रतिशत ही हाइड्रोजन एनर्जी का उपयोग हो रहा है। हाइड्रोजन एनर्जी निर्माण में नैनो टेक्नोलॉजी बहुपयोगी है, लेकिन हाइड्रोजन एनर्जी बहुत मंहगी है। दुनिया का लक्ष्य 2031 तक एक किलोग्राम ग्रीन हाइड्रोजन की कीमत को एक डॉलर में लाना है। ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी से लाभ-ही-लाभ हैं। यह नवीनीकरणीय ऊर्जा है। पारंपारिक ऊर्जा-कोयला, खनिज तेल सरीखे के मुकाबले में इसका भंडार असीमित है। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग- एफओई की ओर से मैटेरियल्स एंड डिवाइसेज पर आयोजित दो दिनी 05वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस में देश भर के विशेषज्ञों का यही सार है। नेशनल कॉन्फ्रेंस- एनसीएमडी 2025 के चार सत्रों में 98 रिसर्च पेपर्स, जबकि 36 पोस्टर प्रस्तुत किए गए। रिसर्च पेपर प्रजेंटेशन में एमआईटी, पुणे की हिमांगी नेवे, जबकि पोस्टर प्रजेंटेशन में एएमयू, अलीगढ़ के अरबाज खान विजेता रहे। कॉन्फ्रेंस के वैलिडेटरी सेशन में हैदराबाद यूनिवर्सिटी के डॉ. एके चौधरी, जाधवपुर यूनिवर्सिटी, कोलकाता के प्रो. केके चटोपध्याय, चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ के प्रो. अनुज कुमार, दयाल सिंह कॉलेज, दिल्ली के प्रो. मोनू मिश्रा आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

